दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज



● नवादा से प्रकाशित ● नवादा शुक्रवार 10 जनवरी 2025 ● वर्ष : 03 अंक : 497

## संक्षिप्त खबरें ।

### तेजस्वी ने काटी कन्नी तो कांग्रेस ने भी दिखाई आँख, शकील अहम खान बोले– जो हमें हल्के में लेगा



**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** इंडिया अलायंस को लेकर नेता प्रतिपक्ष सह राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बेटे तेजस्वी यादव के हालिया बयान से राजनीतिक पारा हाई हो गया है। इशारों में कांग्रेस पार्टी ने बड़ी बात कह दी है। पार्टी के नेता शकील अहम खान ने कहा है कि कोई हमे हल्के में नहीं ले। बीजेपी और जेडीयू ने तेजस्वी यादव का बयान आने के बाद इंडिया गठबंधन पर तंज कसा है। तेजस्वी यादव ने बक्सर में मीडिया के साथ बातचीत के दौरान इंडिया अलायंस के अस्तित्व पर सवाल खड़ा कर दिया। दरअसल तेजस्वी यादव ने कहा इंडिया अलायंस सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए था। दिल्ली में हो रहे विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी की कांग्रेस और अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी में से किसे इंडिया का समर्थन हासिल होगा। इसके सवाल में उन्होंने कहा कि बिहार में राजद और कांग्रेस एक साथ हैं। लेकिन इंडिया गठबंधन का उद्येश्य नरेंद्र मोदी को केंद्र की सत्ता से बाहर करना था। उन्होंने कहा कि यह अलायंस लोकसभा चुनाव के लिए बना था। जब कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहम खान से पत्रकारों ने इस पर सवाल पूछा तो कहा कि किसी को हमे हल्के में नहीं लेना चाहिए। जो हमे हल्के में लेता है उसे हम लोग और भी ज्यादा हल्के में लेते हैं। लेकिन यह साल उभरा नहीं है। उन्होंने कहा कि बिहार में जो सरकार चल रही है वह आम जनमानस के खिलाफ चल रही है। उसके खिलाफ हमारी मोर्चाबंदी जारी है। बिहार विधानसभा के चुनावी वर्ष में तेजस्वी यादव और शकील अहमद खान के बयनों के बड़े मायने हैं। बिहार में राजद कांग्रेस पार्टी को गंभीरता ले नहीं लेती है। बीते दिनों बिहार में चार सीटों पर विधानसभा के उप चुनाव हुए। कांग्रेस पार्टी एक सीट पर लड़ना चाहती थी लेकिन राजद ने नहीं दिया। तेजस्वी यादव पहले कई बार कह चुके हैं कि जहां जिसकी ताकत ज्यादा वहां वही बड़ा भाई होगा। लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस 10–12 सीटें मांग रही थी पर राष्ट्रीय पार्टी के सात सीटों पर संतोष करना पड़ा।

### सीरिया से अपने सैनिकों को क्यों नहीं हटाना चाहता अमेरिका, रक्षामंत्री ऑस्टिन ने बताया कारण



**लोक तंत्र की आवाज़**

**जर्मनी।** अमेरिका सीरिया से अपने सैनिकों को क्यों नहीं हटाना चाहता, इसे लेकर रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने वजह बताई है। उन्होंने कहा है कि सीरिया के नेता बशर अल असद के सत्ता से हटने के बाद आतंकवादी संगठन 'इस्लामिक स्टेट' (आईएस) फिर से अपनी जड़ें जमाने की पूरी कोशिश में है। मगर अमेरिका ऐसा नहीं होने देगा। इसलिए इस्लामिक स्टेट के आतंकियों को फिर से जड़ें जमाने से रोकने के लिए अमेरिका को सीरिया में सैनिकों की तैनाती बनाए रखने की जरूरत है। ऑस्टिन ने 'एसोसिएटेड प्रेस' से बातचीत में बुधवार को कहा कि अमेरिकी सेना की अब भी वहां जरूरत है, विशेष रूप से उन हिरासत केन्द्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जहां आईएस के हजारों आतंकवादी और उनके परिवार के सदस्य बंद हैं। अनुमान है कि इन केन्द्रों में आईएस के आठ से 10 हजार आतंकवादी बंद हैं और उनमें से कम से कम दो हजार को बेहद खतरनाक माना जाता है।

## दिल्ली में बीजेपी ने क्यों नहीं किया सीएम फेस का ऐलान?

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दंगल में आम आदमी पार्टी ने इस मुद्दे पर पूरी ताकत लगा दी है कि चुनाव में बीजेपी का सीएम चेहरा कौन है? आम आदमी पार्टी पानी, बिजली, सड़क शिक्षा के क्षेत्र में उसकी सरकार के द्वारा किए गए कामों को लेकर तो लोगों के बीच जा ही रही है लेकिन इस सवाल को भी वह जोर–शोर से उठा रही है कि बीजेपी के पास दिल्ली में मुख्यमंत्री का कोई चेहरा नहीं है। दिल्ली की राजनीति में राजमहल बनाम शीशमहल, कालकाजी सीट से बीजेपी के उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी के बयानों को लेकर अच्छा–खासा हंगामा हो चुका है।

सवाल यह उठता है कि पिछले कुछ चुनाव में अक्सर (2020 को छोड़कर) मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने वाली बीजेपी इस बार ऐसा करने से क्यों हिचक रही है? बता दें कि दिल्ली में 5 फरवरी को वोट डाले जाएंगे और 8 फरवरी को नतीजों का ऐलान होगा।

आम आदमी पार्टी के सीएम के चेहरे को लेकर सवाल पूछने पर बीजेपी के नेता यही जवाब देते हैं कि उनकी पार्टी में कोई भी कार्यकर्ता मुख्यमंत्री का चेहरा बन सकता है। दिल्ली में पहली बार 1993 में विधानसभा के चुनाव हुए थे और तब से अब तक बीजेपी की ओर से कौन–कौन मुख्यमंत्री बने और किस–किस को पार्टी ने चेहरा बनाया, आईए इस बारे में थोड़ा बातचीत करते हैं।

**पांच साल में बनाए तीन मुख्यमंत्रीः** 1993 में बीजेपी ने दिल्ली में अपनी सरकार बनाई और सबसे पहले उसने मदनलाल खुराना को

### आप के हमले का कैसे जवाब देगी पार्टी?



मुख्यमंत्री बनाया था। लेकिन खुराना अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सके और बीच में ही साहिब सिंह वर्मा को पार्टी ने मुख्यमंत्री की कमान सौंप दी। 1998 के विधानसभा चुनाव से ठीक महीने पहले ही बीजेपी ने साहिब सिंह वर्मा को भी हटा दिया और वरिष्ठ नेता सुषमा स्वराज को मुख्यमंत्री बना दिया। लेकिन पार्टी का यह दांव नहीं चला और 1998 के विधानसभा चुनाव में शीला दीक्षित के नेतृत्व में कांग्रेस ने यहां सरकार बनाई। तब सुषमा स्वराज पार्टी का सीएम चेहरा थीं लेकिन पार्टी चुनाव हार गई।

2003 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने मदनलाल खुराना को बतौर सीएम फेस आगे किया लेकिन शीला दीक्षित के सामने पार्टी को फिर से हार

### डॉ. हर्षवर्धन के नेतृत्व में सिर्फ 4 सीटों से चूकी

अब आया 2013 का विधानसभा चुनाव। इस चुनाव में बीजेपी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन को सीएम का चेहरा बनाया। यह वह साल था जब दिल्ली में आप अपना पहला चुनाव लड़ रही थी और लोकपाल आंदोलन के जरिए उसने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने का एक रोडमैप लोगों के सामने रखा था।

का सामना करना पड़ा। 2008 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने अपने सीनियर नेता विजय कुमार मल्होत्रा को मुख्यमंत्री बनाया। मल्होत्रा दिल्ली के पंजाबी समुदाय में जाने–पहचाने चेहरे थे लेकिन वह भी शीला दीक्षित के सामने असरदार साबित नहीं हुए और बीजेपी इस बार भी जीत दर्ज नहीं कर सकी। इस बार भी बीजेपी

### किरण बेदी को बनाया चेहरा, हुआ बड़ा नुकसान

केजरीवाल के इस्तीफा देने के बाद 2015 में दिल्ली में विधानसभा चुनाव हुए। आम आदमी पार्टी के पास अरविंद केजरीवाल सीएम के चेहरे के रूप में थे। बीजेपी एक नई रणनीति के साथ चुनाव मैदान में उतरी और चर्चित आईपीएस अफसर किरण बेदी को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाया लेकिन पार्टी का यह दांव भी बुरी तरह फ्लॉप हो गया।

2020 के विधानसभा चुनाव की तरह ही बिना मुख्यमंत्री के चेहरे के चुनाव लड़ रही है। ऐसे में जब आम आदमी पार्टी ने उस पर बड़ा दबाव बना दिया है कि वह अपना सीएम का चेहरा बताए तो निश्चित रूप से बीजेपी के लिए इस सवाल का जवाब देना मुश्किल साबित हो रहा है। चूंकि पार्टी लंबे वक्त से सत्ता से बाहर है।

## कश्मीरः जेड-मोड़ संरग बन कर तैयार, पीएम मोदी 13 जनवरी को करेंगे उद्घाटन

**लोक तंत्र की आवाज़**

**जम्मू।** कश्मीर की खूबसूरत सोनमर्ग घाटी घूमने के लिए अब हर मौसम में जाया जा सकेगा. इसे जोड़ने के लिए जेड–मोड़ सुरंग बनकर तैयार हो चुकी है. उम्मीद जताई जा रही है कि 13 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका उद्घाटन करने जा रहे हैं, जिसके बाद बेहतर यात्रा के साथ जम्मू–कश्मीर में कनेक्टिविटी में सुधार होगा. ये सुरंग गगनगीर से सोनमर्ग तक सड़क को बायपास करेगी. इससे आने वाले पर्यटक और स्थानीय लोग पूरे साल हिल स्टेशन का दौरा कर सकेंगे.

जेड–मोड़ सुरंग लद्दाख क्षेत्र को हर मौसम में जोड़ने वाली जोजिला सुरंग परियोजना का हिस्सा है. जेड–मोड़ सुरंग जम्मू और कश्मीर के गांदेरबल जिले में बनाई गई है. ये सुरंग गगनगीर–सोनमर्ग के बीच 6.5 किलोमीटर लंबी है. इसे 2–लेन वाली सड़क सुरंग बनाया गया है. इसका नाम सड़क के जेड–आकार के कारण जेड नाम पर रखा गया है. वर्तमान में गगनगीर–सोनमर्ग मार्ग भारी बर्फबारी और हिमस्खलन के कारण

### इस सुरंग से 15 मिनट में पहुंचेंगे सोनमर्ग घाटी




बंद हो जाता है. इस सुरंग के बनने से हर मौसम में सोनमर्ग घटी जा सकता है।

**पार करने में लगेंगे 15 मिनटः** जेड–मोड़ सुरंग बनने से न सिर्फ लोगों को बल्कि सेना को भी बड़ा फायदा होगा. इसके जरिए सैन्य रसद बढ़ जाएगी और हर मौसम में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा. इसके बनने से स्थानीय युवाओं के रोजगार के साधन खुलेंगे. 6.5 किलोमीटर लंबी जेड–मोड़ सुरंग को पार करने में केवल 15 मिनट का समय लगेगा. यह सुरंग श्रीनगर–लेह राजमार्ग पर है जो भू–रणनीतिक दृष्टि से भी ज्यादा महत्वपूर्ण है. यह सुरंग जोजीला सुरंग के साथ, श्रीनगर–लेह राजमार्ग पर यह भू–रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सुरंग बालटाल (अमरनाथ गुफा), कारगिल और लद्दाख क्षेत्र के अन्य स्थानों को साल भर मौसम–प्रूफ संपर्क प्रदान करेगी।

**2024 में हुआ था आतंकी हमलाः** इस सुरंग का निर्माण 2018 में शुरू किया गया था और यह 31 सड़क सुरंगों में से एक है. इसके बनने में कई बार दुश्वारिया आईं थीं. 20 अक्टूबर 2024 को सुरंग पर आतंकी हमल हुआ था, जिसमें आतंकियों ने मजदूरों के कैंप में घुसकर अंधाधुंध फायरिंग कर दी थी. इस हमले में सात लोगों की मौत हुई थी, जिनमें जेड–मोड़ सुरंग का निर्माण कर रही इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के छह गैर–स्थानीय मजदूर शामिल थे।

## सर, मैं तारीफ नहीं कर रहा लेकिन, मंच पर चंद्रबाबू नायडू ने ऐसा क्या कहा, नरेंद्र मोदी ने जोड़ लिए हाथ

**लोक तंत्र की आवाज़**

**विशाखापत्तनम।** पीएम मोदी बुधवार को आंध्र प्रदेश के विशाखापटनम में 2 लाख करोड़ से अधिक के विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ करने गए थे. कार्यक्रम के दौरान मंच पर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने पीएम मोदी की जमकर तारीफ करते हुए कई सारी बातें कही थी. जिसका एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. जिसमें पीएम मोदी मुस्कुराते हुए हाथ जोड़ते दिख रहे हैं।

मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को विशाखापत्तनम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ जनसभा को संबोधित किया. इस अवसर पर नायडू ने पीएम मोदी की जमकर तारीफ की. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी विकास के पक्षधर हैं. मैं उनसे प्रेरणा लेता हूं. पीएम की तारीफ में नायडू ने कहा कि वो अब सिर्फ एक भारतीय नेता नहीं हैं, बल्कि एक ग्लोबल लीडर हैं. वह सभी वैश्विक नेताओं की तुलना में बहुत ऊंचे स्थान पर हैं।

**पीएम मोदी ने नेतृत्व में भारत और समृद्ध होगा– सीएम नायडू :** सीएम नायडू ने कहा कि वह प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता से प्रभावित हैं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने नेतृत्व में भारत को आगे बढ़ाया. उनके नेतृत्व में भारत और समृद्ध होगा. हम सभी को उन



### नायडू ने कहा, पीएम मोदी की करिश्माई इंसान

नायडू ने कहा कि हमने विधानसभा चुनाव में 164 सीटों पर जीत हासिल की और लोकसभा चुनाव 21 सीटों पर कब्जा किया. उन्होंने कहा कि भविष्य में भी यह गठबंधन जारी रहेगा. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि हरियाणा और महाराष्ट्र में एनडीए की जीत केवल पीएम मोदी के करिश्मे के कारण हुई. लोग हमेशा प्रधानमंत्री मोदी के साथ खड़े हैं क्योंकि वह राष्ट्र के कल्याण के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

पर गर्व है. मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल के विधानसभा चुनावों में हमने (ळउद्ध, जन सेना और इखढ) एक साथ चुनाव लड़ा और लोगों ने रिकॉर्ड फैसला दिया. हमारा स्ट्राइक रेट 93 प्रतिशत था।

**मोदी सही समय पर सही जगह बने हैं पीएमः** नायडू ने कहा कि सही प्रधानमंत्री (मोदी) सही समय पर आए और इसके परिणामस्वरूप भारत का ब्रांड पहले से कहीं अधिक मजबूत हुआ है. उनके नेतृत्व में भारत को विश्व मंच पर बढ़ावा मिला है. मैं यह विश्वास के साथ कहता हूं कि उनके नेतृत्व में भारत समृद्ध होता रहेगा. वह लोगों और राष्ट्र के लिए अथक संघर्ष कर रहे हैं।मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया, गति शक्ति और सागर माला जैसी ऐतिहासिक पहल भारत को एक उज्जवल, अधिक समृद्ध भविष्य की ओर ले जा रही हैं।

**2047 तक भारत बनेगा सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाः** 2014 में भारत अर्थव्यवस्था के मामले में वैश्विक स्तर पर 11वें स्थान पर था; आज यह पांचवें स्थान पर है. 2029 तक भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और 2047 तक यह पहले या दूसरे स्थान पर आ सकता है, जो केवल मोदी के नेतृत्व में ही प्राप्त की जा सकती है।

## जेपीसी के मीटिंग में प्रियंका गांधी ने पूछे सवाल, सौंपी गई 18,000 पन्नों की रिपोर्ट

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** आज एक देश एक चुनाव₹ पर संसद की संयुक्त समिति की पहली बैठक हुई. इस बैठक में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसदों ने अपने– अपने विचार रखे हैं. सत्ता पक्ष के सांसदों ने इस बिल को देश की आवश्यकता बताया, जबकि विपक्षी सांसदों ने इसे राज्यों के अधिकारों का हनन करने वाला कानून कहा. बैठक के दौरान, कानून मंत्रालय के अधिकारियों ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की बनाई गई समिति की रिपोर्ट पर चर्चा की और बिल के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी. इसके बाद, समिति के सदस्यों को 18,000 से अधिक पन्नों वाले दस्तावेजों से भरा एक बड़ा सूटकेस सौंपा गया. इन दस्तावेजों में इस बिल को लाने की वजह



और इसके कार्यान्वयन के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई थी. आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने इस सूटकेस की एक तस्वीर भी साझा की।

इस बैठक में एक महत्वपूर्ण सवाल कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने उठाया है. पहली बार सांसद बनीं और इस समिति का हिस्सा बनी प्रियंका गांधी ने सवाल किया कि अगर देश में सभी चुनाव एक साथ होते हैं, तो सरकार यह स्पष्ट करे कि इससे पैसे की बचत कैसे होगी. इसके अलावा, उन्होंने यह भी पूछा कि क्या ऐसे चुनावों के लिए ईवीएम की पर्याप्त संख्या उपलब्ध होगी?

**बिल का समर्थन करने वाले सांसदों की दलीलें:** बिल का समर्थन करने वाले सांसदों ने यह तर्क दिया कि 1967 तक देश में एक साथ चुनाव हो सकते थे, तो अब इस पर आपत्ति क्यों उठाई जा रही है. उन्होंने यह भी कहा कि अगर 1967 तक यह राज्यों के अधिकारों का उल्लंघन नहीं माना गया, तो अब क्यों इसे राज्यों के अधिकारों में हस्तक्षेप वाला कानून कहा जा रहा है. इसके अलावा, कुछ सांसदों ने 1957 के उदाहरण का हवाला दिया।

## महाकुंभ या 'डिजिटल महाकुंभ'? तकनीक व संस्कृति का अद्भुत संगम

**लोक तंत्र की आवाज़**

**प्रयागराज।** 13 जनवरी 2025 से संगम नगरी प्रयागराज में महाकुंभ मेला की शुरुआत हो रही है। इस बार प्रशासन ने टेक्नोलॉजी के जरिए महाकुंभ को 'डिजिटल महाकुंभ' में बदल दिया है। आपको दफबेस्ड रेलवे टिकट से लेकर ड्रोन के जरिए निगरानी और अकपार्किंग जैसी टेक्नोलॉजी इस महाकुंभ मेले में देखने को मिलेंगे। 13 जनवरी से लेकर 26 फरवरी 2025 तक चलने वाले इस महाकुंभ में आपको सनातन संस्कृति के साथ–साथ टेक्नोलॉजी का भी दम देखने को मिलेगा।

प्रशासन को उम्मीद है कि इस बार संगम नगरी में महाकुंभ के दौरान रिकॉर्ड 40 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु आ सकते हैं। ऐसे में टेक्नोलॉजी के जरिए श्रद्धालुओं की सुरक्षा से लेकर उनकी सहूलियत तक का ध्यान रखा जाएगा। डिजिटल महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में एडवांस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा। ऐसी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल अब तक किसी कुंभ में नहीं किया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए कुंभ मेला क्षेत्र में ड्रोन के जरिए निगरानी रखी जाएगी। यही नहीं, स्नान के दौरान अगर कोई श्रद्धालु पानी में डूब रहा होगा तो उसे ड्रोन वाले लाइफ सेवर बोट के जरिए बाहर निकाला जाएगा। हाल ही में इसका एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सामने आया है। इसके अलावा मेला क्षेत्र में फ्री ह्र–त्र समेत कई हाई टेक सुविधाएं मौजूद रहेंगी।

**दफ रेलवे टिकटः** प्रयागराज महाकुंभ में देश के कोने–कोने से श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंचेंगे। इसके लिए रेलवे 3 हजार से ज्यादा ट्रेन




चलाएगा। साथ ही, प्रयागराज जिले के रेलवे स्टेशन पर डिजिटल रेलवे टिकटिंग की व्यवस्था होगी। प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं को रेलवे स्टेशन पर स्पेशल ड्यूटी में तैनात रेलवे के कर्मचारी दफ कोड वाले जैकेट के साथ मिलेंगे। श्रद्धालुओं को अपने मोबाइल फोन के कैमरे से दफकोड को स्कैन करना है। इसके बाद वो फोन में वळर ऐप डाउनलोड करके डिजिटल टिकट बुक कर सकते हैं। रेलवे ने प्रयागराज में अलग–अलग दिशाओं से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कलर कोडिंग वाले टिकट जारी करने का फैसला किया है।

**स्मार्ट कैमरा सर्विलांस सिस्टमः** महाकुंभ मेला में 50 हजार से ज्यादा सुरक्षाकर्मी डिप्लॉय किए जाएंगे। इन सुरक्षाकर्मियों को टेक्नोलॉजी से लैस किया जाएगा। इसके लिए अकबेस्ड टूल प्रदान किया जाएगा ताकि प्रयागराज महाकुंभ के दौरान चप्पे–चप्पे पर नजर रखी जा सकेगी। इसके लिए संगम नगरी में कुंभ मेला क्षेत्र में अकपावर्ड इंटिग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर (क्छउउ) बनाया गया है। पूरे कुंभ मेला क्षेत्र में उउळश कैमरा लगाया गया है। इसके अलावा अलग–अलग सेक्टर की निगरानी के लिए अक बेस्ड ड्रोन और वाटर सर्विलांस सिस्टम भी तैनात किया गया है।

आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और इमरजेंसी के लिए क्विक रिस्पॉन्स टीम भी तैनात रहेगी। इमरजेंसी की स्थिति में भीड़ बेकाबू न हो इसके लिए क्राउड डेंसिटी के आधार पर अलर्ट सिस्टम लगाया जाएगा। प्रशासन ने गूगल के साथ साझेदारी करते हुए घाट, टॉयलेट, फूड कोर्ट और पीपा पुल आदि को मैप में इंटिग्रेट करा दिया है ताकि श्रद्धालुओं को इन्हें ढूंढने में मशक्कत न करना पड़े। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की गाड़ियों की पार्किंग के लिए Park+ ऐप के साथ साझेदारी की गई है।

## प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में पीएम मोदी बोले-भविष्य युद्ध में नहीं, बल्कि बुद्ध में है

**लोक तंत्र की आवाज़**

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर ओडिशा में हैं। उन्होंने भूवनेश्वर में आज 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ओडिशा में कदम–कदम पर हमारे हैरिटेज के दर्शन होते हैं।

सैंकड़ों वर्ष पहले भी ओडिशा से हमारे कारोबारी लंबा संमुद्री सफर कर बाली, सुमात्रा, जावा जैसे स्थानों पर जाते थे। इसी स्मृति में आज भी बाली यात्रा का आयोजन होता है। यही ओडिशा में औली नाम का वो स्थान है




जो शांति का बड़ा प्रतीक है। दुनिया में जब तलवार के जोर पर साम्राज्य बनाने का दौर था तब हमारे सम्राट अशोक ने यहां शांति का रास्ता चुना था। हमारी विरासत का ये वही फल है जिसकी प्रेरणा से आज भारत दुनिया को कह पाता है कि भविष्य युद्ध में नहीं, बल्कि बुद्ध में है, इसलिए ओडिशा की इस धरती पर आपका स्वागत करना मेरे लिए बहुत विशेष हो जाता है। उन्होंने कहा मैंने हमेशा भारतीय डायस्पोरा को भारत का राष्ट्रदुत माना है। मुझे बहुत खुशी होती है जब पूरी दुनिया में आप सभी साथियों से मिलता हूं। जो प्यार मुझे मिलता है वो भूल नहीं सकता। आपका आशीर्वाद हमेशा साथ रहता है। पीएम मोदी ने कहा, ₹बीते 10 वर्षों में दुनिया के हर लीडर से मुलाकात हुई। सभी आप लोगों की बहुत प्रशंसा करते हैं। इसका एक कारण सोशल वैल्यू है। हम सिर्फ मदर ऑफ डेमोक्रेसी ही नहीं है, बल्कि डेमोक्रेसी हमरी जीवन पद्धति है। हमें डायवर्सिटी सीखनी नहीं पड़ती; पीएम मोदी ने आगे कहा, ₹हमें डायवर्सिटी सीखनी नहीं पड़ती, हमारा जीवन ही इससे चलता है।

## अरविंद केजरीवाल ने चुनाव से पहले खेला जाति कार्ड, बोले-जाटों को प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने दिया धोखा

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा हो चुकी है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बीते दिनों चुनाव के तारीखों की घोषणा की और इस दौरान उन्होंने तमाम तरह के सवालों का जवाब दिया। बता दें कि दिल्ली में केवल एक ही चरण में चुनाव होगा। दिल्ली में 5 फरवरी को मतदान होगा। वहीं चुनाव के परिणाम 8 फरवरी को घोषित किए जाएंगे। इस बीच आम आदमी पार्टी के मुखिया व दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज प्रेस को संबोधित किया। अरविंद



केजरीवाल ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने देश के और दिल्ली के साथ बड़ा धोखा किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के जाट समाज को दिल्ली के कॉलेजों में रिजर्वेशन नहीं मिलता लेकिन राजस्थान के जाट समाज को दिल्ली के कॉलेजों में रिजर्वेशन मिलता है। चार बार पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री जी ने और अमित शाह ने दिल्ली के जाट समाज को घर बुलाकर उन्हें गारंटी दी कि दिल्ली के जाट समाज को केंद्र की ओबीसी लिस्ट में उन्हें डाला जाएगा।

**अरविंद केजरीवाल का जाति कार्डः** अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री झूठ बोलेंगे और अपने वादे को पूरा नहीं करेंगे। चुनाव के समय उन्हें केवल जाटों की याद आती है लेकिन कभी उनका काम नहीं करते हैं। अगर वे ऐसे झूठ बोलेंगे तो देश में कुछ बचेगा ही नहीं। राजस्थान के जाट समाज को आरक्षण मिलता है लेकिन दिल्ली के जाट समाज को आरक्षण नहीं मिलता है। दिल्ली के अंदर दिल्लीवालों को आरक्षण नहीं मिलता है, बाहर वालों को मिलता है। उन्होंने कहा कि मैंने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखकर उनको उनके वादे याद दिलाए हैं।

उन्होंने कहा कि मेरा निवेदन है कि केंद्र सरकार दिल्ली के जाटों से झूठ बोलना बंद करे और उन्हें केंद्र की ओबीसी लिस्ट में डाले और आरक्षण दे। उन्होंने कहा कि मैं वादा करता हूं कि अगर मैं सत्ता में वापिस आता हूं तो जाटों के लिए संघर्ष करता रहूंगा और उनका हक दिलाने की लड़ाई लड़ता रहूंगा।

# संक्षिप्त खबरें ।

## सिरदलाः बिजली चोरी करने के आरोप में आठ लोगों के खिलाफ सिरदला थाना में दर्ज की गई प्राथमिकी



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**
सिरदला थाना क्षेत्र के बिलारपुर गॉव में बिजली विभाग के कनीय अभियंता नसीरुद्दीन अंसारी ने छापेमारी कर बिजली चोरी के आरोप में कुल 8 लोगों के खिलाफ सिरदला थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाया है ।बिलारपुर गांव के मीना देवी पर 8236 रुपया, लक्ष्मण प्रसाद पर 12106 रुपया, सरयू पंडित पर 15765 रुपया, रामस्वरूप प्रसाद पर 14767 रुपया, अजय कुमार पर 4107 रुपया, संजय शर्मा पर 2186 रुपया, विजय लाल ताँती पर 9185 रुपया, चंदन प्रसाद पर 3444 रुपया,राजस्व की क्षति के अनुसार सभी लोगों पर जुर्माना लगाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलारपुर गॉव के 8 लोगों पर सर्विस तार में कटिंग कर बाईपास से अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने का आरोप है। मौके पर बिजली कर्मी प्रवेश राजवंशी, राजेश कुमार, नरेश कुमार, मुन्ना कुमार पांडे, विक्रम कुमार आदि उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 211 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य का किया गया जांच

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**
पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रसव पूर्व 211 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य का जांच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला में किया गया है। दो महिलाओं को एनेमिया पाया गया है ।तीन महिलाओं को लो बीपी तथा दो



महिलाएं हाई बीपी से ग्रसित पाया गया है ।इस दौरान गर्भवती महिलाओं का रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, यूरिन टेस्ट, सिफलिस, गर्भस्थ शिशु की बढ़त आदि की जांच की गई है। उन्हें आवश्यक खान–पान तथा सरकार द्वारा उपलब्ध निशुल्क सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव कुमार, डॉ अजय चौधरी, चिकित्सक,डॉक्टर ओम प्रकाश, ए एन एम रंजीता चौधरी,पिंकी कुमारी, सुषमा कुमारी,बिम्पी कुमारी,रंजना कुमारी, सुमन कुमारी, रीता कुमारी, अलका भारती, पिंकी भारती, राजमंती कुमारी, कंचन कुमारी, जे एन एम कृष्णा अवतार, कुशराम भैरवा,एल टी पंकज कुमार, फार्मासिस्ट खुशबू राजा, जगत मांझी इत्यादि उपस्थित थे।

## नवादा : नवादा ईराकी विद्यालय में छः दिवसीय स्काउट एंड गाईड का प्रशिक्षण शुरू

**सुनील कुमार**
**नवादा।** बिहार राज्य भारत स्काउट एंड गाइड् जिला इकाई नवादा जिला सचिव राम इकबाल शर्मा के निर्देशन में छह दिवसीय प्रशिक्षण शिविर इराकी उर्दू इंटर विद्यालय पार नवादा में प्रथम सोपान प्रशिक्षण शुरू किया गया। प्रशिक्षण में बच्चों



को शारीरिक मानसिक बौद्धिक चारित्रिक विकास पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण में मार्च पास्ट कदमताल प्राथमिक सहायता ,नौ नियम ,प्रतिज्ञा , गांठे प्राथमिक सहायत,झंडा गीत, राष्ट्रीय ध्वज फहराने की जानकारी,आंदोलन की ज्ञान, इस प्रशिक्षण को कुशल स्काउट प्रशिक्षक राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित संतु कुमार सह एडवांस स्काउट मास्टर के द्वारा दिया जा रहा है एवं सहायक गाइड प्रशिक्षक जिया मुख्तार। इस अवसार पर विद्यालय सचिव इख़लाक अहमद ने बच्चो से कहा स्काउट और गाइड जीवन जीने की कला सिखाती है ।अध्यक्ष तौकीर शहंशाह ने बच्चो से कहा अनुशासन में रहकर सीखे ,अनुशासन के बिना हमारा जीवन अधूरा है। विद्यालय प्राचार्य नाज़वीन कौशर,शमशेर अंसारी,मिनहाज उद्दीन जिशान अली,जाहिद अख्तर,सबील खातून,कुल दस टोली भाग ली जो अनेक वीरांगना के नाम से अपने टोली का नाम रखा गया है। सभी टोली नायक अपने टीम में बढ़ चढ़ के भाग ले रहे है। टोली नायक इकरा नसीम,गुलशन परवीन,सोहा, अतका परवीन, रूही, आफिया, मानत्सा, नरगिस, सुमायरा आदि ने बढ़–चढ़ के भाग लिए।

# नवादा : डॉ. अनुज ने अंसार नगर में बांटे कंबल, अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के चेहरे पर आयी मुस्कान

लोक तंत्र की आवाज







**सुनील कुमार**
**नवादा।** मॉडर्न इंगलिश स्कूल नवादा एवं लक्ष्य एडुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट नवादा के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को मोगलाखार ,अंसार नगर के दरिया शाह कब्रिस्तान मैदान में हजारों अल्पसंख्यक समुदाय के वृद्धजनों, महिलाओं में समाजसेवी , शिक्षाविद सह मॉडर्न समूह के अध्यक्ष डॉ. अनुज के द्वारा कंबल वितरण का कार्य किया गया। वर्तमान समय में कप कंपाती ठंड से आम नागरिक त्राहिमाम हैं।ऐसे कठिन समय में मॉडर्न समूह के द्वारा पिछले 10 दिनों से निरंतर ठंड से राहत के लिए वृद्धजनों, महिलाओं, असहाय लोगों के बीच पहुंचकर कंबल देने का कार्य किया जा रहा है। मॉडर्न परिवार के द्वारा यह कार्य पिछले 15 वर्षों से निःस्वार्थ भाव से लगातार होते आ रहा है। इस अवसर पर मॉडर्न समूह के निदेशक ने कहा कि हमारी संस्था हमेशा जाति-धर्म से ऊपर हटकर जन कल्याण के लिए पवित्र भावना से काम कर रही हैं, न केवल हम शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं बल्कि सामाजिक कार्यों में भी अपने योगदान देकर अपनी नैतिक जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। कंबल वितरण कार्यक्रम के अवसर पर मोलाखार वार्ड 25 एवं 27 के हजमत नगर, आजाद नगर, तकिया पर,अफजल नगर, वार्ड 30 के बड़ी दरगाह, वार्ड 40 कमालपुर, अंसार नगर, न्यू अंसार नगर के लगभग 1000 वृद्धजन, महिलाओं, गरीबों एवं असहाय अल्पसंख्यक समुदाय के लोग मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के दौरान मोहम्मद फैज ने कहा कि आज गरीबों के लिए मॉडर्न समूह जो कि समाज कल्याण की भावना के साथ निःस्वार्थ मदद कर रहा है ,उसके लिए पूरा अल्पसंख्यक समाज शुक्रगुजार है। यह नवादा की पहली ऐसी संस्था है, जो कि समाज के वंचित असहाय परिवारों की मदद कर रहा है। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर समाजसेवी अलाउद्दीन अंसारी, मोहम्मद मुख्तार, अल्पसंख्यक कांग्रेस के नेता मोहम्मद रिजवान आलम, मोहम्मद चांद खान,अलाउद्दीन, जैमुर कादरी, राबीद हुसैन, लटन अंसारी, जसीमुद्दीन, मोहम्मद जफर ,मोहम्मद मुख्तार खान,विपिन कुमार, दिलीप कुमार अरुण कुमार,सोनू कुमार,अनिरुद्ध कुमार, ईश कुमार, पचाढा.पंचायत के पूर्व मुखिया महेश कुमार ,संजय कुमार, मनोज कुमार उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में उपस्थित मोहम्मद रिजवान आलम ने अंत में डॉ अनुज को धन्यवाद देते हुए कहा कि वर्तमान समय में आप गरीबों के मसीहा के रूप में कार्य कर रहे हैं। इस तरह से हजारों अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के द्वारा मॉडर्न परिवार के खुशहाली के लिए दुआ की गई।

## आदित्य राज की घातक गेंदबाजी से बोल बम क्रिकेट क्लब पहुंचा फाइनल में





लोक तंत्र की आवाज

**सुनील कुमार**
**नवादा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन नवादा के तत्वाधान में कादिरगंज हाई स्कूल के मैदान में आयोजित बी डिवीजन लीग के के एक महत्वपूर्ण मैच में बोलबम क्रिकेट क्लब का मुकाबला रजौली क्रिकेट क्लब से हुआ। जिसमें बोलबम के कप्तान आदित्य ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 30.3 ओवरों में 194 रन बनाकर ऑल आउट हुई। जिसमें कप्तान आदित्य ने शानदार 42 हंसराज ने 26 हर्षित कुमार ने 20 एवं प्रभाकर ने 19 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। गेंदबाजी करते हुए रजौली क्रिकेट क्लब के गेंदबाज अहमर फैज एवं विवेक कुमार ने तीन जबकि सौरभ ने दो खिलाड़ियों को आउट किया।

जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी रजौली क्रिकेट क्लब की टीम ताश की पत्तों की तरह बिखर गई और 19 ओवर में महज 49 रनों ऑल आउट हो गई। रजौली की तरफ से आकाश गुप्ता ने 27 रन हीं एकमात्र बल्लेबाज जो दहाई अंक को छू सके बाकी सभी बल्लेबाज फ्लॉप रहे। गेंदबाजी करते हुए बोल बम के गेंदबाज कप्तान आदित्य राज ने एक बार फिर 5 विकेट झटक कर रजौली क्रिकेट क्लब की कमर तोड़ दी और बाकी बची कसर स्पिन गेंदबाज तेजस साइ ने चार विकेट के साथ पूरा कर दिया ।यह रजौली क्रिकेट क्लब का न्यूनतम स्कोर है ,इस तरह से इस मैच को बोल बम क्रिकेट क्लब ने 145 रनों के विशाल अंदर से मैच को जीत लिया।मैच में शानदार गेंदबाजी एवं बल्लेबाजी करने वाले हरफनमौला खिलाड़ी आदित्य राज को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गई मैच के सफल संचालन में जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार मुरारी, उपाध्यक्ष यशवंत सिन्हा, सचिव मनीष आनंद, संयुक्त सचिव सुरेश यादव, कोषाध्यक्ष अभिषेक पांडे ,क्लब प्रतिनिधि अरुण यादव, टूर्नामेंट कमेटी के मनीष गोविंद, दिनेश प्रसाद ,अजय कुमार, श्याम देव कुमार मैच में उपस्थित रहे। आज के मैच में अंबायरिंग की भूमिका में पवन कुमार एवं पंकज कुमार थे, जबकि प्रिया राज ने स्कोरिंग की भूमिका निभाई।

## 24 घंटे के अंदर 45 फरार अपरधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

लोक तंत्र कीआवाज



**सुनील कुमार**
**नवादा।** नवादा में 24 घंटे के अंदर विभिन्न थानाक्षेत्रों से कुल 45 फरार अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 08 जनवरी को नवादा जिला में पुलिस द्वारा जो विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, उनमें आर्म्स एक्ट में 07, मद्य निषेध में 06 एवं अन्य गिरफ्तारी 32 कुल 45 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 123.05 लीटर महुआ शराब एवं 11.16 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या 16 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 759 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 01 लाख 68 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत सिलेंडर 01, तसला 01, गैस चुल्हा 01, चुलाई मशीन 01 एवं मोटरसाईकिल 02 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

## नवादा : लापता काव्या की सुरक्षित वापसी के लिए जनसुराज प्रतिनिधि मंडल ने डीएम को सौंपा गया ज्ञापन

लोक तंत्र की आवाज



**सुनील कुमार**
**नवादा।** जिले के नरहट थाना क्षेत्र की 05 वर्षीय बच्ची काव्या उर्फ शानवी कुमारी, जो 01 जनवरी 2025 को अपने घर से बाहर खेलने के दौरान लापता हो गई थी, उसकी सुरक्षित वापसी के लिए गुरुवार को जनसुराज के प्रतिनिधि मंडल ने जिला पादधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इस प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व जनसुराज प्रदेश कार्यवाहक समिति के सदस्य इंजीनियर गोपाल कृष्ण ने किया, जिनके साथ काव्या के नाना राजेश कुमार ,जनसुराज पदयात्री राजकुमार और जनसुराज वाहिनी सुमित कुमार भी मौजूद थे। ज्ञापन में प्रशासन से आग्रह किया गया कि बच्ची को शीघ्र खोजने के लिए सशक्त और ठोस कदम उठाए जाए। काव्या की तस्वीर और जानकारी जिलेभर में प्रचारित की जाए, विशेष रूप से सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों पर। सभी थानों को इस घटना की जानकारी देकर अलर्ट मोड पर रखा जाए। सीमावर्ती क्षेत्रों और प्रमुख स्थलों पर विशेष चौकसी बढ़ाई जाए। बाल तस्करी की१विशेष जांच टीम का गठन किया जाए। मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए। इंजीनियर गोपाल कृष्ण ने कहा, काव्या की गुमशुदगी ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। हम प्रशासन से अपील करते हैं कि बच्ची की सुरक्षित वापसी के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं। बच्ची के नाना राजेश कुमार जी ने अपनी भावनाएं साझा करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि प्रशासन के सहयोग से उनकी नातिन को जल्द ही घर वापस लाया जाएगा। जनसुराज पद यात्री राजकुमार और सुमित जी ने भी कहा कि यह मामला केवल एक परिवार का नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। जिला अधिकारी ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बच्ची को खोजने के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे और पुलिस की जांच प्रक्रिया तेज की जाएगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी मौजूद थे, जिन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की। इस मामले को लेकर क्षेत्र में चिंता का माहौल है, लेकिन लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन के प्रयासों से काव्या को जल्द ही सुरक्षित घर लाया जाएगा।

# रजौली : वर्षों इंतेजार के बाद अनुमंडलीय अस्पताल में शुरू हुआ सीजीरियन से प्रसव, ग्रामीणों में खुशी

लोकतंत्र की आवाज



**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** 75 शैया अनुमंडलीय अस्पताल में वर्षों इन्तेजार के बाद सीजीरियन से प्रसव की शुरुआत बुधवार से होना शुरू हो गया ।इस दौरान प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. स्नेहल मौजूद रहे ।बुधवार को मुरहेना पंचायत के हीरोडीह गांव निवासी अखिलेश कुमार की पत्नी रिंकी कुमारी का पहला प्रसव था और उन्हें आशा गीता कुमारी के सहयोग से भर्ती कराया गया ।अस्पताल में भर्ती किये मरीज की जांच के बाद उन्हें नॉर्मल डिलीवरी में परेशानी की बात सामने आई ।तब जाकर चिकित्सकों ने महिला के परिजनों को सीजीरियन की सलाह दी ।परिजनों से सहमति के बाद सीजीरियन से प्रसव किया गया ।प्रसव के बाद महिला ने एक सुंदर और स्वस्थ बच्चे को जन्म दी ।स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. स्नेहल ने बताई कि प्रसव के बाद जच्चा व बच्चा दोनों स्वस्थ है ।साथ ही कही कि अस्पताल में सीजीरियन के लिए ड्रेसर,वार्ड बॉय आदि की जरूरत है, जिसे अस्पताल प्रबंधन को जानकारी दी गयी है ।वहीं प्रसव के बाद मरीज के परिजनों में काफी उत्साह देखा गया ।आशा गीता कुमारी ने बताई कि पहले अस्पताल में सीजीरियन से प्रसव की सुविधा नहीं थी,जिसके कारण प्रसव कराने आनेवाली महिलाओं एवं उनके परिजनों को सदर अस्पताल नवादा जाना पड़ता था ।वहीं अनुमंडलीय अस्पताल में सीजीरियन से प्रसव की शुरुआत होने पर आसपास के ग्रामीणों को काफी सुविधा मिलेगी एवं परिजनों को अपने गांव से दूर रहकर अस्पताल का चक्कर काटना नहीं पड़ेगा ।साथ ही बताई कि अस्पताल में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों के सहयोग से प्रसव सफलतापूर्वक किया गया है ।वहीं प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार ने बताया कि अनुमंडलीय अस्पताल में सीजीरियन से प्रसव की शुरुआत अस्पताल के स्थापना के बाद से शुरू हो जाना चाहिए था, लेकिन चिकित्सकों के अलावे अन्य जरूरी संसधानों की कमी के कारण यह सुविधा थोड़े देर से शुरू हो पाई है ।उन्होंने कहा कि सामान्य रूप से सीजीरियन से प्रसव अस्पताल में किया जा रहा है ।किंतु आपातकालीन स्थिति में मरीजों को आईसीयू की जरूरत पड़ सकती है,तो वैसे मरीजों को रेफर किया जा सकता है ।वहीं गुरुवार को सिविल सर्जन डॉ. नीता अग्रवाल अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर जच्चा व बच्चा से मिलकर उनका हालचाल जानी साथ ही कही कि सीजीरियन से प्रसव में व्याप्त कमियों को जल्द दुरुस्त कर दिया जाएगा।

## थोक फल और सब्जी विक्रेताओं को लॉटरी के माध्यम से आवंटित की गई दुकान





लोक तंत्र की आवाज

**सुनील कुमार**
**नवादा।** नवादा शहर को अतिक्रमण से मुक्त करने और चकाचक नवादा बनाने के प्रयास को लेकर नवादा शहर के थोक फल विक्रेता और थोक सब्जी विक्रेता के साथ-साथ फ़ढ़िया दुकानदारों को बुधौल में लॉटरी के माध्यम से दुकानें आवंटित कर दी गई है । नगर परिषद द्वारा किए गए आवंटन में सदर एसडीओ अखिलेश कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । पिछले 25 दिनों से जारी यह कार्यक्रम दुकान आवंटन के साथ पूरी हो गई है । सदर एसडीओ अखिलेश कुमार ने बताया कि 35 फल के थोक विक्रेता, सब्जी के 59 थोक विक्रेता और 14 फडिया दुकानदारों को दुकान उपलब्ध कराई गई है । फल और सब्जी के थोक विक्रेताओं को बड़ी दुकान , जबकि फ़ढ़िया दुकानदारों को 10 गुना 10 की दुकान लॉटरी के माध्यम से आवंटित की गई है ।अब नवादा शहर के मेंन रोड में फलों के थोक विक्रेता और सब्जी बाजार में सब्जी के थोक विक्रेता अपनी-अपनी दुकान बुधौल बाईपास में लगाएंगे । जहां उन्हें दुकानें आवंटित की गई है । इससे मेन रोड में लगने वाले जाम की समस्या भी समाप्त हो जाएगी । सदर एसडीओ ने कहा कि ऐसे लोगों को दुकानें आवंटित होने के बाद वे सुबह शाम दोपहर जब चाहे तब फल और सब्जी की आवक के साथ-साथ निर्यात भी कर सकते हैं । उन्होंने कहा कि नगर परिषद के द्वारा वहां पर शौचालय तथा पेयजल , रोशनी की व्यवस्था भी की जा रही है । जैसे-जैसे दुकान खुलेगी , वैसे-वैसे सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी । लॉटरी के माध्यम से कराए गए दुकानों का आवंटन से फल , सब्जी के थोक विक्रेता के साथ-साथ फ़ढ़िया दुकानदारों में भी खुशी का माहौल व्याप्त है ।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व शिविर में 311 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य की जांच कर दी गई आवश्यक दवाईयां

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन।** वारिसलीगंज माफीगढ़ स्थित रेफरल अस्पताल परिसर में गुरुवार को प्रधानमंत्री मातृत्व जांच शिविर आयोजित की गई ।जिसमें नगर व प्रखंड क्षेत्र से जांच के लिए पहुंची 311 गर्भवतियों की विभिन्न प्रकार की जांच उपरांत आवश्यक दवाईयां एवं सुझाव दिए गए ।सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. आरती अर्चना ने आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जांच कराने पहुंची गर्भवतियों से पूछताछ की गई तथा गर्भावस्था में गंभीर रोगों से ग्रसित व ऑपरेशन कराने वाली महिलाओं को नवादा रेफर करने का निर्देश दिया गया ।प्रभारी द्वारा गर्भवती महिलाओं को विशेष सावधानी बरतने का सलाह दी गई ।साथ ही नजदीकी आशा कर्मी और एंबुलेंस का नंबर साथ रखने को कहा गया ।गर्भवती माताओं को चिकित्सकों द्वारा बताया गया कि गर्भावस्था के दौरान किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न होने पर तुरंत अपने नजदीकी आशा कर्मी या एंबुलेंस चालक को सूचित करें ।रेफरल अस्पताल में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत आज गुरुवार को गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर आयोजित हुआ ।अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आरती अर्चना के नेतृत्व में आयोजित शिविर में 311 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य की जांच की गई ।इस दौरान डॉ. गौरव कुमार,आयुष चिकित्सक डॉ. सरिता कुमारी एवं डॉ अशोक कुमार, ने उपस्थित महिलाओं का स्वास्थ्य जांच किया। इस मौके पर गर्भवती महिलाओं को वजन, वीपी तथा ब्लड आदि की निःशुल्क जांच और दवा दी गई है ।वही कैंप में जांच के दौरान हाई रिस्क से पीड़ित 29 गर्भवती महिला एवं एनीमिया से पीड़ित 09,हाय बीपी से एक, शुगर से आठ,हेपेटाइटिस से चार,जटिल प्रसव समस्या से 04 गर्भवती महिला एवं हाइपोथायराइज्ड की 1, एलएससीएस की 06 तथा 11 अन्य बीमारी से पीड़ित को चिन्हित कर जांच कर आवश्यक दवा एवं सलाह दिया गया ।कैंप में गर्भवती महिलाओं को खून की कमी से बचने के लिए संतुलित आहार और आयरन की टेबलेट लेने की सलाह दी गई। वहीं गर्भवती महिलाओं को एक महीने तक की दवाइयां निःशुल्क दिया गया। गर्भवती महिलाओं को निर्धारित समय पर जांच कराने, संस्थागत प्रसव,गर्भावस्था के दौरान होने वाले खतरे के गंभीर लक्षणों,परिवार नियोजन,वाहन सुविधा तथा जननी शिशु सुरक्षा योजना की जानकारी दी गई। सभी गर्भवतीयों का रक्त जांच एवं यूरिन जांच का सैंपल लिया गया ।कहा गया कि यह कार्यक्रम केंद्र में प्रत्येक माह 9 और 21 तारीख को आयोजित कर गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच कर दवा उपलब्ध कराया जाता है ।मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आरती अर्चना शिविर में जांच करते देखे गए। एवं शिविर में हाय रिक्स से पीड़ित गर्भवती महिला को सिजेरियन ऑपरेशन हेतु चिन्हित कर सदर अस्पताल रेफर करने हेतु निर्देशित किया ।वहीं बीसीएम रेणुका कुमारी, बीएचएम अजय कुमार, जीएनएम कल्पना कुमारी, गायत्री कुमारी,पुष्पा कुमारी, लैब टेक्नीशियन रंजीत कुमार, फैमली प्लानिंग वर्कर मुकुल शर्मा, एकाउंटेंट कुमुद भारती, सत्यम कुमार,चन्दन कुमार सहित अन्य चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## इसरो के नये अध्यक्ष पूरे भारत के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है: डॉ मनीष पंकज मिश्रा

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** वैज्ञानिक बी. नारायण को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन क्रफ्ड के नए अध्यक्ष नियुक्त होने पर राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहायह न केवल आपके जीवन का एक महत्वपूर्ण क्षण है, बल्कि पूरे भारत के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। रॉकेट और अंतरिक्ष यान के क्षेत्र में आपका अतुलनीय योगदान तथा आपकी विशेषज्ञता ने भारत को वैश्विक मंच पर एक सशक्त स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आपको यह जिम्मेदारी मिलने पर विशेष शुभकामनाएं प्रेषित हैं। डॉ. मिश्रा ने अपने संदेश में कहा कि आपकी नियुक्ति इसरो की उन्नति और नवाचार की दिशा में एक नई शुरुआत है। आपकी दूरदृष्टि और नेतृत्व में भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम नई ऊंचाइयों को छुएगा ।आपने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जो अद्भुत उपलब्धियां हासिल की हैं, वे हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। आपकी मेहनत और समर्पण ने यह साबित कर दिया है कि सपने तभी सच होते हैं जब उन्हें साकार करने का जुनून और समर्पण हो। हम आशा करते हैं कि आपके नेतृत्व में इसरो नए कीर्तिमान स्थापित करेगा और भारत को अंतरिक्ष अनुसंधान में विश्व का अग्रणी देश बनाने की दिशा में प्रगति करेगा ।डॉ. मनीष पंकज मिश्रा और राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन आपके उज्ज्वल भविष्य और नई जिम्मेदारियों के सफलतापूर्वक निर्वहन के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त करते हैं। हमें विश्वास है कि आपका यह कार्यकाल देश के विज्ञान और अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में स्वर्णिम अध्याय जोड़ेगा। बधाई और शुभकामना देने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर आदि।

## संक्षिप्त खबरें ।

### अवैध मदरसों को लेकर धामी सरकार की सख्ती



रिपोर्ट मुकेश सिंह

**उत्तराखंड।** उधम सिंह नगर में कई मदरसे अवैध रूप से चल रहे हैं। मामले में आज सीएम धामी का बयान सामने आया है। सीएम ने कहा कि अवैध मदरसों के साथ ही फंडिंग की भी जांच होगी। शासन के निर्देश के बाद सभी जिलों में जिला प्रशासन ने इसकी जांच शुरू कर दी है। निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण राजेंद्र कुमार के मुताबिक जांच में यह देखा जा रहा कि यह मदरसे पंजीकृत हैं या नहीं। इनकी आय के स्रोत का भी पता लगाया जा रहा है। जिला प्रशासन जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट शासन को सौंपेगा। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, ऊधमसिंह नगर जिले में 129 मदरसे अवैध मिले हैं। इसके अलावा देहरादून में भी कुछ मदरसे अवैध हैं। बताया गया कि ये मदरसे मदरसा बोर्ड से पंजीकृत नहीं हैं। इस तरह के मदरसों के खिलाफ यूपी में सख्ती के बाद कई मदरसे उत्तराखंड में चलने लगे हैं। अवैध चल रहे इन मदरसों में बच्चे भी यूपी एवं अन्य प्रदेशों के हैं। पूर्व में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण व आयोग के औचक निरीक्षण में भी देहरादून में इस तरह के कुछ मदरसे मिले थे। तब आयोग ने सभी मदरसों को बंद करने के निर्देश दिए थे।

### बस की जोरदार टक्कर में बाइक सवार महिला की मौत



रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह

**नगीना।** बढ़ापुर के ग्राम अब्दुल्लापुर कुरैशी निवासी मोबिन अहमद (45 वर्ष) अपनी पत्नी शाहना (42 वर्ष) व पुत्री सुआलेहा (नौ वर्ष) के साथ आज सुबह बाइक से कोतवाली देहात गया था।प्राप्त समाचार के अनुसार दोपहर करीब दो बजे जब वह बाइक से अपने घर वापस जा रहा था, तो नगीना में अकबराबाद चौराहे से आगे धर्म कांटे के पास पीछे से आ रही एक बस से लगी टक्कर में बाइक पर सवार मोबीन अहमद की पत्नी शाहना बस के पहिए के नीचे आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सड़क पर गिरने से मोबिन व उसकी पुत्री सुआलेहा घायल हो गए। घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्राथमिक उपचार कराया गया। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर बिजनौर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी भरत कुमार का कहना है कि बाइक को टक्कर मारने वाली बस को शीघ्र पकड़ लिया जाएगा।

### मुरादाबाद : ब्लैकमेलिंग में फंसा आइटीबीपी का रिटायर्ड इंस्पेक्टर गिरफ्तार



रिपोर्ट मुकेश सिंह

मुरादाबाद की नामचीन एक्सपोर्ट फर्म वजीर चंद एक्सपोर्ट के मालिक को ब्लैकमेल करने की कोशिश में मुरादाबाद पुलिस ने आईटीबीपी के रिटायर्ड इंस्पेक्टर को अरेस्ट किया है। रिटायर्ड इंस्पेक्टर अनुज गंगवार को पुलिस ने ब्लैकमेलिंग के मामले में कोर्ट में पेश किया जहां से इस जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि अनुज गंगवार नौकरी से वीआरएस लेने के बाद इन दोनों बरेली मेंसेवियर सिक्योरिटी सर्विसेज के नाम से सिक्योरिटी कंपनी चलाता है। मामला मुरादाबाद की वजीरचंद एक्सपोर्ट के मालिक किशन लाल दाल की ब्लैकमेलिंग से जुड़ा है। दरअसल करीब 2 साल पहले किशन लाल ढल की फैक्ट्री में काम करने वाली एक महिला ने १० साल के एक्सपोर्टर किशन लाल ढल के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में रेप कि शिकायत दर्ज कराई थी। उस समय इस घटना से संबंधित कुछ वीडियो भी पीड़िता ने पुलिस को दिए थे। हालांकि विवेचना के बाद पीढ़िता के मुकर जाने की वजह से पुलिस ने इस मामले में फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी। ब्लैकमेल करने वालो ने एक्सपोर्टर के बेटे अर्श ढल पर पैसे देने का दबाव बनाया। अर्शु ढल ने पुलिस से इस मामले में शिकायत की उन्होंने कहा कि एक पूर्व ड्राइवर और गार्ड ब्लैकमेल करके रंगदारी मांग रहे हैं। अर्श ढल ने इस संबंध में 15 दिन पहले सिविल लाइन थाने में एफ आईआर दर्ज कराई थी इसमें पूर्व कर्मचारियों पर आरोप है कि उन्होंने अपनी गैंग में शामिल कुछ महिलाओं की मदद से निर्यातक के १० साल के पिता की फेक वीडियो बना ली इन वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर लगातार ब्लैकमेल किया जा रहा है।

# सामाजिक समरसता हेतु सहनशीलता व वाक्संयम जरूरीः स्वामी भास्करानन्द

लोकतंत्र की आवाज़




घनश्याम तिवारी

**बलिया।** जनपद के डूहा बिहरा ग्रामान्तर्गत श्री वनखण्डीनाथ (श्री नागेश्वरनाथ महादेव) मठ के तपः पूत परिसर में उक्त मठ के यशस्वी संस्थाध्यक्ष पूर्व मौनव्रती स्वामी ईश्वरदास ब्रह्मचारी जी महाराज की कृपा से विश्व कल्याणार्थ आयोजित चालीस दिवसीय १०८ कुण्डीय कोटि होमात्मक अद्वैत शिवशक्ति राजसूय महायज्ञ में कर्नाटक से पधारे योगाचार्य स्वामी जयदेव ब्रह्मचारी जी महाराज ने प्रशिक्षुओं को प्रातः योगाभ्यास कराया। पं० रेवती रमण तिवारी के आचार्यत्व में वेद-मन्त्रोच्चार के साथ आवाहित देवताओं और देवशक्तियों का पूरे दिन पूजनार्चन एवं हवनादि किया गया। सान्ध्य सत्र में उक्त ऐतिहासिक महायज्ञ के स्वत्वाधिकारी पूज्य गुरुदेव श्री मौनी बाबा जी महाराज द्वारा लिखित व संकलित राजसूय महायज्ञ और उसका आध्यात्मिक स्वरूप₹ नामक पुस्तकका विमोचन भक्तिभूमि श्रीधाम वृन्दावन से चलकर यहाँ पधारे महामण्डलेश्वर आचार्य स्वामी भास्करानन्द जी महाराज ने किया । तत्पश्चात् स्वामी जी ने नित्य की भाँति व्यासपीठ से सारगर्भित शब्दावली में सुधी श्रोताओं को भागवती कथा का रसपान कराया।

कहा कि आपकी व्यथा को भगवत्कथा दूर कर सकती है, अन्य कोई उपाय नहीं। सती के मोहजनित अपराध से रुष्ट शंकर सतासी हजार वर्ष समाधिस्थ रहे, उनकी सती प्रतीक्षारत थी। आँखें खुलने पर शम्भु ने सती को सम्मुख आसन दिया, वामांग में नहीं, फिर तो पक्का हो गया कि शम्भुने सती का त्याग कर दिया। सती ने पति की अवज्ञा कर पिता दक्षकेघर अनाहूत ही गयी। माता को छोड़कर सती को सबने व्यंग्यवाण मारा। अपमानित सती योगाग्नि में जल मरी। पद पाकर गर्व में चूर दक्ष ने दामादर्शकर को सन्त सभा प्रयाग में अपशब्द कहा और अपनी यज्ञ में भी नहीं बुलाया तथापि शंकर जी विचलित न हुए उन्होंने सती की मृत्यु का समाचार पाकर दक्ष की यज्ञ का विध्वंस अपने गणों द्वारा करा दिया। दक्ष का सिर भी काट कर बकरे का सिर लगा दिया गया। स्वामी जी ने सुस्पष्ट शब्दों में कहा कि शब्दवाण बहुत घातक होता है, गोली का घाव भर जायेगा जबकि बोली का घाव नहीं भरेगा जैसा कि सती के साथ हुआ। सामाजिक समरसता हेतु सहनशीलता और वाक्संयम जरूरी है। हमारा देश विकासशील है, तथापि यहाँ के लोग अपेक्षाकृत सुखी है, क्योंकि



हमारा सूत्र है- सादा जीवन उच्च बिचार।' इसके विपरीदा विकसित देशों के लोग बहुत दुखी है, वहाँ अधिकांश लोग डिप्रेशन के शिकार हैं। हमारी संस्कृति पूर्णतः समतामूलक है। सर्वे भवन्तु सुखिनः' इस देश की परिभाषा है। माता, पिता, गुरु, बड़े बुजुर्ग और स्त्री पक्ष में पति की आज्ञा की अवहेलना भावी दुःख दून्द्वों को आमन्त्रण देना है। पचठी एक लम्बे अन्तराल तक पति-प्रेम से वञ्चित रही, मरने के बाद हिमाचल गृह पार्वती रूप में जन्मी और तपस्या कर पुनः आशुतोष महादेव को पति रूप में प्राप्त की। द्वादश ज्योतिर्लिङ्गनें के कथा-प्रसंग में वक्ता ने कहा कि यदि सूर्य-चन्द्रमा न रहे तो मात्र आठ मिनट में पूरी दुनिया मिट जायेगी। हमें दैवी शक्तियों करना चाहिए।

## बिजनौरः नकुल अग्रवाल को पुनः भाजपा का नगराध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर स्वागत किया



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

**नजीबाबाद ।** भारतीय जनता पार्टी की घोषित नगर अध्यक्षों की सूची में नकुल अग्रवाल को पुनः पार्टी का नगराध्यक्ष मनोनीत किया गय है। नगर के व्यापारी व भाजपा के नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल को पार्टी ने भाजपा की केन्द्र और राज्य सरकार की नीतियों और योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने व नगर संगठन को एकजुट कर पार्टी का मजबूत रखने का तोहफा देते हुए भारतीय जनता पार्टी की घोषित नगर अध्यक्षों की सूची में नकुल अग्रवाल को पुनः पार्टी का नगराध्यक्ष मनोनीत किया गय है। नकुल अग्रवाल को पुनः पार्टी का नगराध्यक्ष मनोनीत होने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नगर मंत्री दी।फहीम अंसारी ने नवनियुक्त नगराध्यक्ष नकुल अग्रवाल के घर पहुंचकर उनका स्वागत करते हुए उन्हें बधाई आप को बता दे की भाजपा के प्रदेश चुनाव अधिकारी डा. महेन्द्र नाथ पांडेय की संस्तृति पर घोषित की गई मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रतिनिधि की सूची में नगर निवासी व चेयरमेन पद के पूर्व प्रत्याशी समाजसेवी नकुल अग्रवाल को पार्टी ने पुनः नगराध्यक्ष बनाया गया है। नकुल अग्रवाल के नगराध्यक्ष बनने पर जहां कार्यकताओं ने खुशी का इजहार किया वहीं भाजपा अल्पसंख्यक के नगरमंत्री फहीम अंसारी ने नकुल अग्रवाल को गुलस्ता देकर उनका जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। भाजपा नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल ने फहीम अंसारी के साथ बधाई देने वाले सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया।

### लखनऊ में सीआरपीएफ के जवान ने खुद को मारी गोली, मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक की टीम



लोक तंत्र की आवाज

रत्ना

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सीआरपीएफ बटालियन में एक जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक जवान बिहार राज्य का रहने वाला है। प्राथमिक सूचना के अनुसार आशियाना थाना के सीआरपीएफ बटालियन में 36 वर्षीय सीआरपीएफ जवान उपेंद्र कुमार ने इंसास राइफल से खुद को गोली मारी है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची हैप्राथमिक सूचना के अनुसार, आशियाना थाना के सीआरपीएफ बटालियन में 36 वर्षीय सीआरपीएफ जवान उपेंद्र कुमार ने इंसास राइफल से खुद को गोली मारी है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची है। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है और सुसाइड के कारणों का पता लगाया जा रहा है। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, वह बिहार के छपरा जिले का रहने वाला था।

## भाजपा की संविधान गौरव अभियान की कार्यशाला

लोकतंत्र की आवाज



रिपोर्ट आस्मीन सलमानी

**नगीना।** लोक निर्माण विभाग अतिथि गृह मीटिंग हॉल में भारतीय जनता पार्टी की संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम बैठक का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में भाजपा नेत्री रजनी कालरा ने कहा संविधान का अर्थ है सम और विधान अथार्त सबके के लिए समान कानून और भाजपा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित भारत के संविधान का हमेशा सम्मान किया है। भाजपा नेता रोहित रवि ने भारतीय संविधान को भारत के लोकतंत्र का गौरव ग्रंथ बताया। अनूप वाल्मीकि ने कहा कि यह संविधान हर नागरिक को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक समानता का अधिकार प्रदान करता है। कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इस अभियान को विशेष रूप से मनाया जा रहा है। सुभाष शर्मा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य संविधान के मूल्यों, सिद्धांतों और आदर्शों का व्यापक प्रचार-प्रसार करना है। सोहन सैनी ने बताया कि इस दौरान 'हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान' विषय पर संगोष्ठी, क्विज, निबंध और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। भाजपा ने अनुसूचित मोर्चा, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा सहित सभी संगठनों को इस अभियान को सफल बनाने की जिम्मेदारी सौंपी है। 25 जनवरी को सभी बूथ और मंडलों पर पार्टी कार्यकर्ता आमजन के साथ मिलकर संविधान के प्रस्तावना और नीति-निर्देशक तत्वों को पढ़ेंगे और उस पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संयोजक नगीना विधानसभा व क्षेत्र शोध प्रमुख रजनी कालरा रही। संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम हेतु सोहन सैनी को मंडल संयोजक व रोहित रवि को सह संयोजक बनाया गया। बैठक में नवनियुक्त महेश्वरी मंडल अध्यक्ष सुभाष शर्मा का पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनकर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रजनी कालरा, अनूप वाल्मीकि, अजीत अग्रवाल, कृष्ण बलदेव सिंह, रोहित रवि, नीरज विश्नोई, सोहन सैनी, सुभाष शर्मा, दिनेश त्यागी, पवन प्रधान, अभिषेक अग्रवाल, अरुण शर्मा, सुनील सैनी, ओम प्रकाश सैनी, अमन कुमार, अर्णव चौधरी, लवी, डॉ. भूपेश चौहान, अमीचंद एड., सभासद गोपाल शर्मा, इंदु ठुकराल, सभासद सभासद कपिल पवार, बृजमोहन विश्नोई एवं मंडल नगीना व महेश्वरी मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बिजनौर : रितु रानी बनी नजीबाबाद उपजिलाधिकारी एसडीएम कुंवर बहादुर सिंह का धामपुर हुआ स्थानांतरण

लोकतंत्र की आवाज



रिपोर्ट मुकेश सिंह

**बिजनौर।** जनपद बिजनौर के लोकप्रिय जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने बुधवार को जिले में तैनात 6 एसडीएम के तबादले किए हैं। इनमें से कुछ को दूसरी तहसील में भेजा गया है, जबकि कुछ को एसडीएम न्यायिक का पदभार दिया गया है। धामपुर एसडीएम रितु रानी को एसडीएम न्यायिक नजीबाबाद नियुक्त किया गया है, जबकि उनके स्थान पर एसडीएम नजीबाबाद कुंवर बहादुर सिंह को एसडीएम धामपुर नियुक्त किया गया है। डीएम अंकित अग्रवाल द्वारा जारी आदेश की सूची में 6 अधिकारियों के नाम हैं। शामिल जी बाबाइन में सबसे कुंवर बहादुर सिंह को धामपुर एसडीएम बनाया गया है। धामपुर से रितु रानी को नजीबाबाद नियुक्त किया गया है। जिले में कई उप जिलाधिकारीयों के स्थानांतरण इधर से उधर हुए इसके अलावा एसडीएम चांदपुर विजय शंकर को एसडीएम नजीबाबाद और चांदपुर न्यायिक नितिन तेवतिया को एसडीएम है। इसके अलावा नगीना के एसडीएम न्यायिक आशुतोष राम प्यारे जैसवाल को एसडीएम न्यायिक धामपुर नियुक्त किया गया है। साथ ही एसडीएम न्यायिक धामपुर मयंक कुंडू को एसडीएम न्यायिक नगीना के पद पर भेजा गया है। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि एसडीएम पर गया कि एसडीएम न्यायिक का पद भी संभालेंगे। इसी प्रकार एसडीएम नगीना भी एसडीएम न्यायिक नगीना के कार्यों का संपादन करेंगे।

## लखनऊ हत्याकांड मामले में बदर की सूचना देने वाले को मिलेगा इनाम, पुलिस ने जारी की दो तस्वीर

लोक तंत्र की आवाज



सतीश

**लखनऊ।** चारबाग स्थित शरनजीत होटल में पत्नी और चार बेटियों की हत्या में शामिल आरोपी बदर की दो तस्वीरें इंटरनेट मीडिया पर वायरल की गई हैं। पुलिस ने बदर की सूचना देने वाले को इनाम देने की घोषणा की है साथ ही उसकी सूचना गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस ने बदर की तलाश में विभिन्न जिलों में दबिश दी है लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिला है। वहीं, कोर्ट से एनबीडब्ल्यू (गैर जमानती वारंट) हासिल करने के बाद पुलिस की एक टीम ने बुधवार को आगरा जिले के ट्रांस यमुना थाने गंगा थाने में तामील कराया है। डीसीपी मध्य रवीना त्यागी ने बताया कि बदर ने भेष न बदल दिया हो इसके लिए दो तस्वीरे वायरल की गई है। एक तस्वीर में उसकी दाढ़ी है, दूसरी तस्वीर बिना दाढ़ी के है। इसको देखने वाला उसकी सूचना एडीसीपी मध्य (9454401087), एसीपी कैसरबाग (9454401497) और इंस्पेक्टर नाका (9454403867) पर सूचना दे सकते हैं। उसकी जानकारी गोपनीय रखने के साथ ही उस इनाम भी दिया जाएगी। उधर, बदर की तलाश में पुलिस टीमें फिरोजाबाद, लखनऊ, कानपुर, दिल्ली, आगरा और बदायूं में दबिश दे रही हैं। हालांकि, बदर का अभी तक कुछ सुराग नहीं मिला है। डीसीपी ने बताया कि एनबीडब्ल्यू को पुलिस ने आगरा के इस्लामनगर जाकर ट्रांस यमुना थाने में तामील करा दिया है। इसके साथ ही जल्द ही बदर पर इनाम भी घोषित किया जाएगा। इसके लिए पुलिस ने उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी है।

## लखनऊ में चोरी-छिपि चल रहा था हुक्का बार, पुलसि ने छापा मारकर चार को दबोचा, छात्रों को भी दी जा रही थी एंट्री

लोक तंत्र की आवाज

सतीश

**लखनऊ ।** कैफे ला एसेंशिया का संचालक अमृत सिंह आनंद है। जिसने रेस्त्रां-कैफे की आड़ में हुक्का बार खोल रखा था। पुलिस ने मंगलवार की रात गुलाचीन मंदिर से सटे कांप्लेक्स की तीसरी मंजिल पर छापेमारी कर चार लोगों को पकड़ लयिा। हुक्का पीने के लिए लोगों से 600 रुपये चार्ज वसूला जाता है। इसके साथ ही फ्लेवर बदलने पर चार्ज की कीमत भी बढ़ा दी जाती है। मुखबरि से सूचना मलिने पर विकासनगर पुलिस ने छापा मारा। इस दौरान कैफे से मैनेजर समेत चार को गिरफ्तार कर लयिा। पुलिस ने हुक्का बार से 16 हुक्का, चिलम, फ्लेवर तंबाकू और करीब 29 हजार रुपये बरामद किए हैं। अब पुलिस मालिक की तलाश कर रही है। एसओ विकासनगर आलोक कुमार सिंह ने बताया कि कैफे ला एसेंशिया का संचालक अमृत सिंह आनंद है। जिसने रेस्त्रां-कैफे की आड़ में हुक्का बार खोल रखा था। पुलिस ने मंगलवार की रात गुलाचीन मंदिर से सटे कांप्लेक्स की तीसरी मंजिल पर छापेमारी कर चार लोगों को पकड़ लयिा।

**एक मैनेजर और तीन सहयोगी गरिफ्तारः** गिरफ्तार आरोपितों में हर्षवर्धन सिंह निवासी बलरामपुर हालपता सेक्टर-क्यू अलीगंज, राहुल निवासी बरगदी खुर्द बीकेटी,



प्रांजल सिंह निवासी एल्डिको सिटी आइआइएम मड़ियांव और रमन सिंह निवासी बलरामपुर हालपता सेक्टर-क्यू अलीगंज हैं। आरोपितों में हर्षवर्धन मैनेजर और अन्य तीनों उसके सहयोगी हैं।

## आम्रपाली एक्सप्रेस में युवक को बेल्ट से पीटा, ट्रेन से बाहर फेंकने की कोशशि, टीटीई पर हुई कार्रवाई

लोक तंत्रआवाज



रत्ना

**लखनऊ।** अमृतसर से कटिहार जाने वाली आम्रपाली एक्सप्रेस में टीटीई और यात्री के बीच घमासान देखने को मिल रहा है। टीटीई ने यात्री पर खूब लात घूसे बरसा दिए। दरअसल यात्री को लेकर शकियत की गई थी कि वो ट्रेन में शराब के नशे में धुत बैठा था। उल्टयिां कर रहा था और वहीं पर पेशाब भी कर दिया था। वहीं टीटीई को नलिंबति कर दिया गया है। दरअसल कानुपर-टुंडला के बीच टीटीई और स्टाफ ने एक यात्री को जमकर पीट दिया। उसे थर्ड डिग्री टॉर्चर दिया गया। इस दौरान खूब गाली-गलौज भी हुई। साथ में सफर कर रहे यात्रयिों ने बताया कि उसे ट्रेन से बाहर फेंकने की भी धमकी दी गई।हालांकि शिकायत के बाद आरपीएफ टुंडला ने यात्री शेख मुजबिल को हिरासत में ले लिया है। वहीं, रेलवे ने टीटीई राजेश कुमार को भी सस्पेंड कर दिया है।

**शिकायत पर तुरंत हुआ एक्शन :** कोच में सफर कर रहे पैसेंजर सत्येंद्र ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया और मामले की शिकायत की। इसके बाद आरपीएफ, जीअरपीफ और पुलिस के अधिकारी जांच में जुट गए। टुंडला के आरपीएफ इंस्पेक्टर सुशील कुमार ने बताया कि शराब के नशे में धुत यात्री का नाम शेख मुजबिल है। टीटीई ने उससे टिकट मांगा था लेकिन यात्री ने बहस के बाद टीटीई को थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद मारपीट शुरू हो गई।

## संक्षिप्त खबरें ।

### अंचल और राजस्व कर्मियों ने कला फीता बांध कर दिया काम



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पीरपैंती अंचल कार्यालय कर्मियों ने काला फीता बांध करके काम किया। आंचल और राजस्व कर्मियों के द्वारा विरोध करते हुए भी काम जारी रखा। बुधवार के दिन किशनगंज में मोटेशन को लेकर के राजस्व कर्मियों के साथ पिता पुत्र के द्वारा मारपीट किया और राजस्व कर्मी को घायल कर दिया। पुलिस ने पिता पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अंचल कार्यालय के सी आई वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में सभी सहयोगियों ने काला बिल्ला लगाकर विरोध किया। वीरेंद्र कुमार का कहना था कि हम लोग जनता के सेवा के लिए काम करते हैं । दूर दराज से आए हुए हैं। अपने परिवार को छोड़कर जनता की सेवा करने के लिए। जनता हमारे साथ कॉर्पोरेट करें । कहीं भी किसी भी राजस्व कर्मी के साथ बदतमीजी नहीं किया जाए। इन सभी बातों को लेकर के राजस्व कर्मियों ने विरोध दर्ज करते हुए अपना काम शुरू किया।

### अभिसरण की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख
साहेबगंज ।उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, उधान विभाग, भूमि संरक्षण,लघु सिंचाई, जेएसएलपीएस, मनरेगा की अभिसरण की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में पिछले बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में कार्यों के विषय में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विभागों द्वारा दिए गए टारगेट एवं उनके अनुसरण किये जा रहे विषय की जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में उपायुक्त ने कृषि विभाग, पशुपालन विभाग,भूमि संरक्षण विभाग, जिला उद्यान, गव्य विकास, मनरेगा, लघु सिंचाई, जेएसएलपीएस, मत्स्य विभाग की कार्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली एवं योजनाओं के क्रियान्वय हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा,परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला सहकारिता पदाधिकारी महादेव मुर्मू, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ हरिशंकर झा, भूमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल कुमार गुप्ता, जिला मत्स्य पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार विन्हा अन्य उपस्थित थे।

### माय भारत साहिबगंज के तत्वावधान में युवा आदान-प्रदान में भाग लेने के लिए 27 टीमों की सदस्य हजारीबाग के लिए रवाना



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख
साहेबगंज। युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार नेहरू युवा केंद्र माय भारत साहिबगंज के तत्वावधान में आदान–प्रदान में भाग लेने के लिए 27 टीमों की सदस्य हजारीबाग के लिए रवाना हुए। जिला युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों एवं शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम एक साथ जानकारियां प्राप्त करेंगे।

### अपराध कर्मियों ने किराना दुकान में की लूट, जल्द ही पकड़े जाएंगे अपराध कर्मी : डीएसपी टू



लोकतंत्र की आबाज
समस्तीपुर। डीएसपी टू विजय महतो ने मीडिया कर्मियों को जानकारी एवं पुष्टि करते हुए बताया कि दिनांक 06 जनवरी 2025 को संध्या करीब 07 :00 बजे मथुरापुर थाना अन्तर्गत महामाया किराना स्टोर बाजार समिति समस्तीपुर – दरभंगा जाने वाली मुख्य मार्ग में 05 की संख्या में आये अपराधकर्मियों के द्वारा हथियार के बल पर दुकानदार से 65 हजार रूपये एवं गले से सोने का चैन लेकर फरार हो गया। उक्त घटना की जानकारी वादी के द्वारा दिनांक 07 जनवरी 2025 को रात्रि करीब 10 बजे थानाध्यक्ष मथुरापुर थाना को दी गई। सूचना प्राप्ति उपरांत थानाध्यक्ष, मथुरापुर थाना द्वारा कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दी गई हैं। घटना से संबंधित आसपास के सभी बिन्दुओं पर गहनता से जाँच की जा रही हैं। इतना ही नहीं सीसीटीवी फूटेज खंगाले जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विधि सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। जल्द हीं अपराध कर्मियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## भागलपुर: कंबल खरीद में घोटाला खामियाजा भुगत रही आम जनता

लोकतन्त्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय
भागलपुर। नगर सरकार में अधिकारियों और पार्षदों के बीच के मतभेदों का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। इसका परिणाम यह है कि इस बार जरूरतमंदों को कंबल वितरण में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नगर आयुक्त डॉ. प्रीत लंबी छुट्टी पर हैं और 25 जनवरी तक उनकी अनुपस्थिति रहेगी। इस दौरान उपनगर आयुक्त आमेर सोहेल प्रभार संभालेंगे। नगर आयुक्त की गैरमौजूदगी में कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना संभव नहीं है, जिससे कंबल वितरण की संभावना भी कम होती जा रही है। जब तक नगर आयुक्त वापस नहीं लौटेंगी, तब तक यह स्पष्ट नहीं होगा कि कंबल बांटने के लिए उपयुक्त हैं या नहीं। ठंड का मौसम तब तक समाप्त हो जाएगा। बुधवार को भी उद्योग विभाग द्वारा कंबल की गुणवत्ता पर कोई रिपोर्ट नहीं दी गई है, और अब गुरुवार का इंतजार किया जा रहा है। मंगलवार से ही रिपोर्ट भेजने की बात की जा रही है। मेयर ने बेहतर कंबल की व्यवस्था करने की आवश्यकता पर जोर दिया है।



मेयर डॉ. बसुंधरा लाल ने बुधवार को उप नगर आयुक्त आमिर सोहेल को अपने कार्यालय में आमंत्रित किया और कंबल की गुणवत्ता से संबंधित रिपोर्ट के बारे में जानकारी प्राप्त की। यदि रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी, तो खरीदे गए कंबल को मेयर के कक्ष में लाया गया। वहां सभी के समक्ष कंबल को मापकर उसकी गुणवत्ता का परीक्षण किया गया। उपस्थित एक पार्षद ने बताया कि उप नगर आयुक्त ने भी कंबल की गुणवत्ता को लेकर असंतोष व्यक्त किया। हालांकि, उप नगर आयुक्त ने कहा कि वे कोई नया निर्णय नहीं ले सकते। स्थायी समिति की सदस्य डॉ. प्रीति शेखर ने कहा कि कंबल के टेंडर के कई मानकों का उल्लंघन हुआ है, और निगम प्रशासन को एजेंसी के प्रति नरमी नहीं बरतनी चाहिए। कंबल में 70% या उससे अधिक ऊन की मात्रा होनी आवश्यक है। बिना हॉल मार्क के कंबल की खरीद की गई है, जिससे संबंधित कर्मियों की भूमिका संदिग्ध प्रतीत होती है।

एक ही एजेंसी से खरीदे गए कंबल की कीमतों में 2023 में 295 रुपए और 2024 में 220 रुपए का निर्धारण किया गया है। कंबल की खरीदारी को लेकर निगम के कर्मचारियों पर भी प्रश्न उठ रहे हैं। 2023 में जिस एजेंसी को कंबल खरीदने का ठेका दिया गया था, उसी को 2024 में फिर से ठेका दिया गया। जनवरी 2023 में कंबल की खरीदारी के समय एजेंसी ने प्रति कंबल 360 रुपए का प्रस्ताव रखा था, लेकिन बाद में यह तय हुआ कि 290 रुपए की दर पर 10,200 कंबल खरीदे जाएंगे। अब उसी एजेंसी ने 2024 में केवल 220 रुपए में कंबल कैसे उपलब्ध कराए, यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न है। पार्षद संघ के अध्यक्ष अनिल पासवान ने कहा कि समय के साथ सामान की कीमतों में वृद्धि होती है, ऐसे में एक ही एजेंसी से खरीदारी करने पर दामों में कमी आने पर संदेह उत्पन्न होता है।नगर आयुक्त के अवकाश पर जाने के बाद विभिन्न प्रकार की चर्चाएँ हो रही हैं। पार्षदों का कहना है कि नगर आयुक्त ने विवाद से बचने के लिए लंबी छुट्टी ली है, ताकि इस मुद्दे को टाला जा सके। उल्लेखनीय है कि पार्षद संघ ने हाल ही में एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा था कि यदि नगर आयुक्त ने कर्मचारियों पर दबाव डालकर कंबल का वितरण कराया, तो वे इसका विरोध करेंगे। वार्ड-1 से 51 तक के सभी पार्षद इस विरोध में शामिल होंगे। नगर आयुक्त, कार्यालय अधीक्षक मो. रेहान अहमद और कंबल खरीद के प्रमुख प्रदीप झा का पुतला जलाया जाएगा।

## शाहनवाज हुसैन ने प्रशांत किशोर पर बोला हमला



**लोकतन्त्र की आवाज**

**केदार नाथ पाण्डेय**
**भागलपुर।** भागलपुर में बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रशांत किशोर पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर इवेंट मैनेजमेंट के आदमी है। अब उनकी फंडिंग बन्द हो गई है। खुद को मैदान में परखने को लेकर उतरते हैं, लेकिन फ्लॉप हो रहे हैं।

शाहनवाज हुसैन ने कहा की 144 साल बाद प्रयागराज में कुंभ मेला का अद्भुत संयोग आया है। उस बावत बीजेपी के नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने भागलपुर वासियों से अपील किया कि आप लोग इस बार कुंभ मेला में जरूर जाएं। कोई दिक्कत और परेशानी हो तो मुझे फोन करें या मेरा नाम बताएं तो धार्मिक यात्रा आसान हो जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव लड़ी जाएगी। नीतीश कुमार की नेतृत्व में बिहार में विकास की गंगा बहेगी और बह रही है। कहा की 2025 में हम लोग राजद और कांग्रेस का पूरी तरह सफाया कर देंगे। उन्होंने विधानसभा चुनाव में 225 सीट जीतने का दावा किया।

पूर्व मंत्री ने कहा कि तेजस्वी की अंग्रेजी कमजोर है। छात्रों के आन्दोलन के हाईजैक करने को लेकर उन्होंने कहा कि सिर्फ उनको यही शब्द आता है। लेकिन इसका मतलब क्या होता है उन्हें पता नहीं है। उन्होंने कहा कि इसलिए हम कहते हैं कि थोड़ी अंग्रेजी मजबूत करें। उनके पार्टी में इतने प्रोफेसर है। उन्होंने कहा कि बिहार में तो पूरी तरह से सुशासन है। किसी गुंडे की हैसियत नहीं है कि बिहार में डकैती कर ले, छिनतई कर ले अपहरण कर ले। नीतीश कुमार जी एनडीए के नेता है । उसका नेतृत्व है और उसके नेतृत्व में हम लोग सब काम कर रहे हैं।

## भारतीय जैव रसायनज्ञ डॉ हर गोविंद खुराना की जयंती मनाई गई



**लोकतंत्र की आबाज**
**समस्तिपूर।** जिले के रा.उ.म.विद्यालय कन्या विष्णुपुर बथुआ पूसा, समस्तीपुर में गुरूवार को चेतना सत्र में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित भारतीय जैव रसायनज्ञ डॉ हर गोविंद खुराना की जयंती मनाई गई। उनके तस्वीर पर प्रधानाध्यापक बिन्देश्वर साह ने माल्यार्पण किया। शिक्षक साधना कुमारी, चन्द्रशेखर कुमार, कल्पना कुमारी, कमली कुमारी, प्रिया भारती, कुमारी कंचन, शोभा कुमारी, संतोष कुमार, सपना, शालिनी, आरती, कुणाल कुमार, अब्दुल कादिर, शेखर कुमार, अर्चना भारती, सिन्धु कुमारी, अवधेश कुमार, दीपक कुमार, मीरा कुमारी, विजेन्द्र कुमार झा ने पुष्प अर्पित किया। वर्ग 09 एवं 10 की छात्रा नंदनी, रश्मि आदि ने भी पुष्प अर्पित किया। कुणाल कुमार, प्रिया भारती, बिन्देश्वर साह के द्वारा डॉ हर गोविंद खुराना की जीवन पर प्रकाश डाला गया।

## जगदीशपुर: केसरी गांव में 12 जनवरी को एक भव्य कार्यक्रम आयोजित, इंडिया अलायंस के कई बड़े नेता होने शामिल

**लोकतंत्र की आवाज**

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** प्रखंड क्षेत्र के एनएच 319 स्थित केसरी गांव में 12 जनवरी को एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में लगभग 20 हजार लोगों के शामिल होने की उम्मीद है, जिसमें इंडिया अलायंस के कई बड़े नेता और मशहूर भोजपुरी कलाकार भी शामिल होंगे।



- इस कार्यक्रम में लगभग 20 हजार लोगों के शामिल होने की उम्मीद है, जिसमें इंडिया अलायंस के कई बड़े नेता और मशहूर भोजपुरी कलाकार भी शामिल होंगे: राजीव रंजन

राजद नेता राजीव रंजन ने बताया कि यह कार्यक्रम राजद कार्यकर्ताओं, नेताओं और विधान सभा वासियों के सम्मान में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में सभी को दही-चूड़ा खिलाकर मिठास पैदा किया जाएगा और उन्हें सम्मान दी जाएगी। इसके अलावा, कार्यक्रम के माध्यम से 2025 में तेजस्वी प्रसाद यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया जाएगा और उनके किए गए घोषणाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भी संकल्प लिया जाएगा।

कार्यक्रम स्थल पर नेता प्रतिपक्ष सह पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा 2025 में राजद की सरकार बनाने की घोषणा से संबंधित राजद का झंडा व बैनर पोस्टर लगाया जाएगा। गुरुवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और बना रहे पंडाल का अवलोकन किया। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए राजीव रंजन ने बताया कि यह कार्यक्रम राजद की कार्यकर्ताओं, नेताओं और विधानसभा वासियों के सम्मान में कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी प्रसाद यादव के सिपाही होने के नाते कार्यकर्ताओं और जनता के बीच में रहकर सेवा करने का हमेशा अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि नव वर्ष और मकर संक्रांति के उपलक्ष में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जैसे हम अन्य त्योहारों में लोगों की सेवा करते हैं ठीक वैसे ही नए साल में लोगों की सेवा करने का मन किया और कार्यक्रम का आयोजन कर दिया। वही उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में सभी को दही-चूड़ा खिलाकर मिठास पैदा किया जाएगा और उन्हें सम्मान दी जाएगी।

कार्यक्रम के माध्यम से 2025 में तेजस्वी प्रसाद यादव को सीएम बनाने का संकल्प लिया जाएगा और उनके द्वारा किए गए घोषणाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भी संकल्प लिया। यह कार्यक्रम यादगार होगा। क्योंकि कार्यक्रम के सफल बनाने में सभी राजद के कार्यकर्ता और हमारे समर्थक जी-जान से लगे हुए हैं।

## बरहरवा प्रखंड विकास पदाधिकारी सनी कुमार दास ने मिर्जापुर पंचायत का निरीक्षण किया

**लोकतंत्र की आवाज**

**मामलोत सेख**
**बरहरवा।** प्रत्येक सप्ताह की भांति इस सप्ताह भी बृहस्पतिवार को मनरेगा रोज़गार दिवस मनाए जाने को लेकर बरहरवा प्रखंड विकास पदाधिकारी सनी कुमार दास ने मिर्जापुर पंचायत का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान पंचायत में साप्ताहिक रोजगार दिवस नहीं मनाया गया नहीं पंचायत सचिव पंचायत में उपस्थित थे वहीं अनुपस्थित रहे पंचायत के मुखिया भी वही श्री दास ने पंचायत की साफ सफाई एवं पानी की सुविधा नहीं रहने को लेकर भी पंचायत के रोजगार सेवक को कड़ी खोटी सुनाते हुए बोला कि अगर दोबारा ऐसा होगा तो तुम्हारा मंदे काट लिया जाएगा मैं कदापि ऐसा बर्दाश्त नहीं करूंगा तुरंत इस पर एक्शन लूंगा एवं पंचायत के पानी एवं



साफ सफाई एवं विभिन्न कार्य को लेकर पंचायत सचिव पर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

कुछ दिन पूर्व में पंचायत के बोरिंग का मोटर चोरी हो जाने के संबंध में भी जब ग्रामीणों एवं वार्ड सदस्यों के जरिए अब्दुल रकीब वार्ड सदस्यों ने बताया कि कोई भी नाइट गार्ड नहीं रहने के करण पंचायत विराम जैसा खाली पड़ा रहता है इसीलिए पंचायत का हालत ऐसा है मुखिया रोजगार सेवक पंचायत सचिव पंचायत में कभी कभार आते हैं एवं लोगों की समस्याओं से रूबरू नहीं होते हैं मनमानी कर कर रहे हैं और ग्रामीणों ने आपने समस्याओं से काफी परेशान हैं लेकिन इसका कोई निदान नहीं किया जा रहा है ग्रामीणों ने यह भी बताता है कि पंचायत सचिवालय 10 दिन में एक दिन खुलता है ना तो साफ सफाई होता है ना ही कोई जनता के हित में बैठक किया जाता है पता चला तो उसने बताया कि नाइट गाइड पंचायत में नहीं था क्या तो मुखिया प्रतिनिधि शमीम अख्तर ने बताया कि लेकिन मालूम नहीं चला उसे पर बोले की नहीं था तो अगर चोरी हुआ तो थाना में एवं प्रखंड ब्लॉक पर काहे प्रतिलिपि नहीं दिया गया एवं साथी ही बकरी सेड एवं लेबर का मानदेय पेमेंट हुआ है कि नहीं इस का भी जांच किया गया अब तक आवास संबंधित सभी कार्य का विस्तार से जांच किया गया लेबर को पेमेंट हुआ है कि नहीं एवं पैसा भुगतान हुआ की नहीं आवास हुआ कि नहीं इस संबंध में प्रखंड स्तरीय सभी पंचायत एवं वार्ड पर जाकर जांच किया मौके पर वी पि ओ अखिलेश कुमार सभी अधिकारी एवं ग्रामीणों भी उपस्थित थे।

## अचानक सुपौल के दौरे पर निकले डीआईजी मनोज कुमार पुलिस पदाधिकारियों को दिए कई निर्देश

**लोक तंत्र की आवाज**

**मोहम्मद पप्पू आलम**
**सुपौल।** कोशी रेंज के डीआईजी सह सुपौल के पूर्व पुलिस कप्तान मनोज कुमार मंगलवार को अचानक सुपौल के दौरे पर रवाना हुए सबसे पहले वह पुलिस लाइन निरीक्षण करने पहुंचे इस दौरान डीआईजी मनोज कुमार को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया, डीआईजी मनोज कुमार ने सर्वप्रथम जिले के विभिन्न थाने के कांडों का जानकारी ली,इस दौरान उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किये जाने का निर्देश दिया।



अपराधियों की गिरफ्तारी, ससमय कांडों के निष्पादन, निर्दोष फंसे नहीं और दोषी बचे नहीं तथा कोई भी अपराधी हो, उसकी गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया। डीआइजी मनोज कुमार ने अधिकारियों को थाना क्षेत्रों में अपराध पर हर हाल में अंकुश लगाने का आदेश दिया ,ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी। लंबित कांडों के निष्पादन में तेजी लाने को कहा। वहीं डीआईजी मनोज कुमार ने पुलिस पदाधिकारियों को गंभीर कांडों का खुलासा करने, अपराधियों को गिरफ्तार करने, जेल से छूटे अपराधियों पर नजर रखने, शराब तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने, सूचना तंत्र को मजबूत करने सहित कई निर्देश दिए। उसके बाद डीआईजी मनोज कुमार ने पुलिस लाइन में अग्नेशस्त्र विभिन्न बिल्डिंगों एवं पुलिस लाइन के साफ सफाई का घूम-घूम कर जायजा लिया वहीं पुलिस लाइन में साफ सफाई रखने एवं हरियाली के उद्देश्य से और अधिक संख्या में पौध रोपण की बात कही,डीआईजी मनोज कुमार को अचानक निरीक्षण से पुलिस विभाग में अफरा-तफरी मच गयी।

डीआईजी मनोज कुमार ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि सब कुछ ठीक-ठाक रहा। हालाँकि कुछ त्रुटि पाई गई है। जिसको लेकर कई निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह एक नियमित दौरा है इस बार हमने पुलिस लाइन की दो शाखा जीपी और एमटी शाखा को देखा है इसके बाद कलेक्ट स्थित कंट्रोल रूम का निरीक्षण करेंगे।उन्होंने कहा की अपराध पर अंकुश एवं क्षेत्र में अमन-चैन कायम रखने को लेकर थाना क्षेत्र के नियमित गश्ती तेज रखें।

## बरहरवा में जीपीएल सीजन 7 की ट्रॉफी का हुआ भव्य अनावरण

**लोकतंत्र की आवाज**

**मामलोत सेख**
**बरहरवा।** बरहरवा प्रखंड के श्रीकुंड स्थित मिल्लत उच्च विद्यालय मैदान में गुमानी प्रीमियर लीग (जीपीएल) सीजन 7 की प्रतिष्ठित ट्रॉफी का अनावरण जीपीएल चेयरमैन अफीफ अमसल द्वारा किया गया। इस मौके पर आयोजन समिति और प्रशंसक मौजूद रहे। इस वर्ष की ट्रॉफी को अत्यधिक कुशलता और बारीकी से डिजाइन किया गया है। यह ट्रॉफी न केवल विजेता टीम के लिए सम्मान का प्रतीक है, बल्कि इसमें मेहनत, जोश और खेल भावना को भी दर्शाया गया है।



अनावरण के दौरान, चेयरमैन अफीफ अमसल ने कहा कि जीपीएल सीजन 7 की यह ट्रॉफी उन सभी खिलाड़ियों और प्रशंसकों के जुनून और समर्पण का प्रतीक है, जो इस टूर्नामेंट को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचा रहे हैं। यह ट्रॉफी केवल एक पुरस्कार नहीं है, बल्कि उन सपनों का प्रतिनिधित्व करती है जो हर खिलाड़ी मैदान पर लेकर उतरता है। जीपीएल सीजन 7 को लेकर स्थानीय क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह चरम पर है। इस बार कुल 16 टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी जीपीएल सीजन 7 का पहला मैच 11 जनवरी को खेला जाएगा, और फाइनल मुकाबला 26 जनवरी को होगा। मौके पर आयोजन समिति से आफताब आलम, सद्दाम हुसैन, देवाशीष घोष, तोफाइल हक, फरोग अहसान, रकीमुल शेख, शाकिर शेख, अब्दुल अलीम, रफीकुल शेख सहित अन्य मौजूद थे।

## त्रिवेणीगंज में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी 'मनरेगा' योजना

**लोकतंत्र की आवाज**

**सुपौल।** सरकार और प्रशासन चाहे लाख दावे करें लेकिन जिले की त्रिवेणीगंज में भ्रष्टाचार अनियमिता और मनमानी की खबरें पीछे हटने की नाम नहीं ले रही है एक बार फिर त्रिवेणीगंज प्रखंड में देश की सबसे बड़ी रोजगार योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार एक्ट (मनरेगा) अब पूरी तरीके से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है. ताजा मामला प्रखंड क्षेत्र के मनगंज पश्चिम वार्ड नंबर 2 की है, यहां मनरेगा योजना से रात्रि में छुपा कर भीसी 91 आरडी की सफाई का कार्य मनरेगा कर्मी के मिलीभगत से मुखिया दिनेश सरदार मजदूरों की बजाय जेबीसी मशीनों से कराया गया है, विभागीय कर्मीयों व जनप्रतिनिधि की चुगलबंदी का आलम यह है कि सैकड़ो मजदूरों की पेट पर





- मजदूरों बजाय जेबीसी मशीनों कराई गई

लात मार कर जेसीबी मशीन का उपयोग धड़ल्ले से किया गया, सुबह होते इस कार्य को देख स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा पलपने लगा, ग्रामीणों ने मुखिया के द्वारा कराई गई कार्य की जमकर विरोध जताया,इसके विरोध में वार्ड सदस्य समेत सैकड़ों मजदूरों ने मनरेगा कार्यालय पहुंचकर मनरेगा पीओ विजय कुमार को आवेदन देकर मुखिया दिनेश सरदार पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

वही वर्तमान वार्ड सदस्य वार्ड नंबर 2 के संजय मिश्रा ने बताया कि मुखिया जी के द्वारा रात्रि को चोरी छुपे मनरेगा योजना के काम जेसीबी मशीन से कराया गया जो घोर निंदनीय है, इस योजना का मकसद था कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरीब परिवारों को रोजगार मिल सके ताकि वे रोजगार के लिए बाहरी प्रदेशों में ना जाएं. मगर मनरेगा के जिम्मेदारों ने ही इस योजना में इस कदर लूट मचाई कि सरकार की पूरी मंशा धराशाई हो गई. उन्होंने यह भी कहा अगर मानगंज पश्चिम पंचायत में मुखिया दिनेश सरदार के द्वारा कराई गई सरकारी कार्य की बेहतर ढंग से अगर जांच की जाय तो मानगंज पश्चिम पंचायत खास तौर पर भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ देंगी, इस मामले को लेकर मनरेगा विभाग के अकाउंटेंट से पूछा गया उन्होंने बताया कि आवेदन आया है इसकी जांच के लिए पीओ साहबको दे दिया गया है। उन्होंने कहा भीसी 91 आरडी की सफाई का कार्य अभी नहीं खुला था सिर्फ एस्टीमेट बना था, मुखिया के द्वारा अपने मन से इस कार्य को करवाया गया है, अब सवाल उठता है इतनी बड़ी लापरवाही की जा रही है मगर अधिकारी की ओर से इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, आवेदक दिये करीब महीने बीतने को जा रहा है मगर मुखिया पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की, इससे साफ प्रतीत होता है कि इन सभी के मिली भगत से इस तरह के कार्य किया जा रहा था, देखना तो बड़ी बात होगी कि सुपौल प्रशासन इस मामले को किस तरह से संज्ञान लेती है जिस पर सबकी नजर टिकी हुई है

## संक्षिप्त खबरें ।

### प्रोजेक्ट राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कटैया नौतन पश्चिमी चंपारण में रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण की हुई शुरुआत लगातार 24 दिनों तक चलेगा प्रशिक्षण



क्षितिज राज
पश्चिमी चंपारण। प्रोजेक्ट राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कटिया नौतन पश्चिमी चंपारण में रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण की शुरुआत प्राचार्य शम्भु शरण वर्मा तथा विद्यालय के सभी सहयोगी शिक्षकों के द्वारा किया गया विद्यालय के सभी बच्चियों को यह प्रशिक्षण लगातार 24 दिनों तकदी जाएगी इसमें सभी छात्राओं को आत्म रक्षा के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसके प्रशिक्षकर्ता चंदन कुमार व विद्यालय के अध्यापिका रंजिता कुमारी होंगी बता दे कि आत्मनिर्भर प्रशिक्षण के तहत बच्चियों को आत्मरक्षा के लिए कराटे सिखाए जा रहे हैं।प्रोजेक्ट कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य भी मौजूद रहे ट्रेनर चंदन कुमार लगातार 24 दिनों तक देंगे बच्चियों को ट्रेनिंग।

### भाजपा के जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई बैठक

क्षितिज राज
बेतिया :– पश्चिम चम्पारण दिन गुरुवार दिनांक 09 – 01 – 2025 को भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सह लोकसभा मीडिया संयोजक मुकेश सहाय उर्फ गाँधीबाबा के बेतिया निवास स्थान पर एनडीए के प्रदेश अध्यक्षों के कार्यक्रम को सफल बनाने के निमित एक बैठक जिला अध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव के अध्यक्षता में हुई जिसमें जिला के सभी भाजपा पदाधिकारी उपस्थित हुए।नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव को सभी ने अंगवस्त्र एवं पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किये। वही सम्मानित जिला अध्यक्ष ने कार्यक्रम का दिशानिर्देश दिये। मुख्य रूप से उपस्थित जिला उपाध्यक्ष मनोज सिंह उमेश पाण्डेय जिला महामंत्री मुन्ना तिवारी मनुबाबू कुशवाहा प्रमोद सिंह राजेश तिवारी धर्मेंद्र सिंह राकेश पटेल मनु पाण्डेय युवा मोर्चा के जिला महामंत्री किशन श्रीवास्तव अमरेंद्र झा इत्यादि सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### केसरिया में नौ दिवसीय राम नाम अष्टयाम पूजा का हो रहा आयोजन

ब्यूरो चीफ शशिकांत
पूर्वी चम्पारणः जिले के कल्याणपुर प्रखंड अंतर्गत खोरा ब्रह्म स्थान पर नौ दिवसीय राम नाम अष्टयाम पूजा का भव्य आयोजन किया गया था। जिसको लेकर स्थानीय निवासी समाजसेवी जंगल प्रताप सिंह उर्फ भोला सिंह ने इस कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म और संस्कृति का मिशाल कायम किया है। वहीं इस कार्यक्रम में सामिल कीर्तन मंडली एवं गणमान्य लोगों को शशिभूषण सिंह उर्फ प्रिंस कुमार सिंह द्वारा अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। बता दें कि इस कार्यक्रम को आज 8 दिन हो गए। जो नौ दिन तक चलेगा यानी आज इसका समापन रात्रि में किया जाएगा। तों वहीं राष्ट्रीय मानवाधिकार सर्वेक्षण के अनुमंडल उपाध्यक्ष शशिभूषण सिंह उर्फ प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय एवं भव्य तरीके से सफलता पूर्वक रहा। जिसमें खोरा गांव के निवासीगण का अहम् योगदान रहा। जिसके माध्यम से यह कार्यक्रम हो रहा हुआ। इस मौके पर जंगल प्रताप सिंह उर्फ भोला सिंह, नवल सिंह, राम एक बाल सिंह, नंद किशोर सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, उर्फ सदय प्रकाश सिंह, पप्पू शर्मा रामप्रवेश भगत, राम एकबाल भगत, समेत कई गणमान्य स्थानीय लोग इस पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए।

### मोतिहारीः अनुमंडल पदाधिकारी पकड़ीदयाल ने किया मधुबन अंचल कार्यालय का निरीक्षण

ब्यूरो चीफ शशिकांत
पूर्वी चम्पारणः गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी पकड़ीदयाल अविनाश कुमार के द्वारा अंचल अधिकारी एवं राजस्व कर्मचारी की उपस्थिति में अंचल कार्यालय, मधुबन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा लंबित म्यूटेशन मामलों, परिमार्जन प्लस आवेदन तथा अभियान बसेरा–2 के अभिलेखों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा निर्धारित समय के अंदर सभी मामलों का निपटारा करने का निर्देश दिया है।

# मोतिहारी : प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत हुई गर्भवती महिलाओं की जाँच– जच्चा – बच्चा के स्वास्थ्य हेतु समय पर चिकित्सकीय सलाह जरूरी

लोकतंत्र की आवाज

**प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत गर्भवती व धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गईं**



**ब्यूरो चीफ शशिकांत**
**पूर्वी चम्पारण ।** 09 जनवरी मोतिहारी सदर अस्पताल, ढाका, अरेराज, पकड़ीदयाल, रक्सौल अनुमण्डलीय अस्पताल में आज गुरुवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत गर्भवती व धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गईं, इस दौरान सैकड़ो महिलाओं की वजन, बीपी, चआईवी, ब्लड शुगर, एफएचएस, की जाँच एएनएम व स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा दी गईं।वहीं जच्चा –बच्चा के स्वास्थ्य, व सुरक्षित गर्भवस्था के लिए चिकित्सकों द्वारा ठंढ से बचने का सलाह दिया गया।वहीं आयरन, कैल्शियम का वितरण किया जा रहा है।जिले के अनुमण्डलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ राजीव रंजन ने बताया की अनुमण्डलीय अस्पताल में 3 बजे तक 65 गर्भवती महिलाओं समेत 90 महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गईं।डॉ राजीव रंजन ने बताया की हाई रिस्क प्रेग्नेंसी से बचने के गर्भवस्था के दौरान कम से कम 04 बार जाँच जरूर करवाना चाहिए।समय से जाँच कराने पर तय समय में एनीमिक, कुपोषित महिलाओ, व अन्य बीमारियों से ग्रसित गर्भवती महिलाओं की जाँच कर ईलाज के द्वारा उन्हें स्वस्थ्य किया जा सकता है।गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार के साथ फोलिक एसीड, कैल्शियम, दवाओं के पूरा खुराक लेने की सलाह दी गईं, इससे गर्भ में पल रहे बच्चे का उचित शारिरिक व मानसिक विकास होता है। – परिवार नियोजन के बारे में दी गईं जानकारीः बढ़ती जनसंख्या पर रोक लगाने के लिए व अनचाहे गर्भ ठहरने से रोक के लिए ,साथ ही साथ बच्चा पैदा करने के साथ ही तुरंत पुनः प्रेग्नेंसी की समस्याओं से बचाव के लिए अस्पताल आए गर्भवती, व धात्री महिलाओं को परिवार नियोजन की विभिन्न संसाधनों यथा, कन्डोम, माला डी, अंतरा, कॉपर टी, एवं नसबंदी, जैसे परिवार नियोजन के स्थायी व अ स्थायी साधनों की जानकारी स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा दी गईं। गर्भवती महिलाएं ऐसे रखें ख्यालःडृसंतुलित आहार लें। डृडाइट में विटामिन शामिल करें।डृतेल, घी मसालेदार खाने से परहेज़ करें ।डृबुखार होने पर घबराएं नहींकिसी भी प्रकार की समस्या हो तो तुरंत डाक्टर से संपर्क करें ।डृहर दिन हल्का व्यायाम जरूर करेंडृतनाव न लें।

### मोतिहारीः पुलिस अधीक्षक ने कहा अपराधी अपराध करना छोड़ दें, अन्यथा पुलिस टीम दबोचने के लिए है तैयार



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**
**पूर्वी चम्पारण ।** अपराधी अपराध को छोड़े अन्यथा एसपी स्वर्ण प्रभात की टीम दबोचने के लिए पूरी तरह है तैयार.... मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा, नए आपराधिक कानून के तहत गैंग और संगठित अपराध पर शिकंजा कसने हेतु 111 और 112 बीएनएस( भारतीय न्याय संहिता) के तहत पुलिस करेगी कारवाई...मौत की सजा और आजीवन कारावास का है प्रावधान....एसपी ने कहा, बेगुनाहों पे गोली चलाने वाले अपराधी, हत्या, लूट करने वाले अपराधियों की 107 बीएनएस के तहत जप्त होगी संपति। वहीं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने कहा कि कानून की ताकत का अहसास दिलाने की दिशा में प्रतिबद्ध है मोतिहारी पुलिस।

## भाजपा के जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई बैठक



लोकतंत्र की आवाज

**क्षितिज राज**
**बेतिया ।** पश्चिम चम्पारण दिन गुरुवार दिनांक 09 – 01 – 2025 को भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सह लोकसभा मीडिया संयोजक मुकेश सहाय उर्फ गाँधीबाबा के बेतिया निवास स्थान पर एनडीए के प्रदेश अध्यक्षों के कार्यक्रम को सफल बनाने के निमित एक बैठक जिला अध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव के अध्यक्षता में हुई जिसमें जिला के सभी भाजपा पदाधिकारी उपस्थित हुए।नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव को सभी ने अंगवस्त्र एवं पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किये। वही सम्मानित जिला अध्यक्ष ने कार्यक्रम का दिशानिर्देश दिये। मुख्य रूप से उपस्थित जिला उपाध्यक्ष मनोज सिंह उमेश पाण्डेय जिला महामंत्री मुन्ना तिवारी मनुबाबू कुशवाहा प्रमोद सिंह राजेश तिवारी धर्मेंद्र सिंह राकेश पटेल मनु पाण्डेय युवा मोर्चा के जिला महामंत्री किशन श्रीवास्तव अमरेंद्र झा इत्यादि सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मोतिहारीः उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजना " गॉव की बागवानी,, हमारे गौरव की कहानी, क्लस्टर में बागवानी की योजना का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ शशिकांत**
**पूर्वी चम्पारण।** गांव की बागवानी हमारे गौरव की कहानी के तहत् उद्यानिक फसलों की व्यवसायिक खेती को बढ़ावा देने हेतु "कलस्टर में बागवानी की योजना–।। (पपीता की खेती) का आज जिलाधिकारी श्री सौरभ जोरवाल के द्वारा निरीक्षण पीपराकोठ़ी प्रखंड के परौलिया ग्राम में किया गया। उद्यान विभाग, पूर्वी चम्पारण से अनुदानित दर पर पपीता रेड लेडीताईवानी 786 का पौधा प्राप्त कर खेती कर रहें किसान राजेश कुमार से मुलाकात कर जानकारी प्राप्त की गयी। श्री कुमार द्वारा बताया गया कि उद्यान विभाग से प्रषिक्षण एवं समय–समय पर कृशि विज्ञान केन्द्र, पीपराकोठ़ी के वैज्ञानिक का मार्गदर्षन प्राप्त करनें के साथ खेती करना षुरू किया, आमदनी में बढोतरी हुई, जिसमें एक एकड़ में लागत हटाकर प्रति वर्श 10 लाख तक आमदनी होता है। साथ ही इस खेती को बढ़ावा देने हेतु उद्यान विभाग द्वारा "कलस्टर में बागवानी की योजना–।। (पपीता की खेती) के लिए भी चयन किया गया है, जिसमें 25 एकड़ की कलस्टर बनायी गई है। जिसमें मेरे साथ 17 ग्रामीण पुरूश एवं महिलाएँ जुडे है। प्रति एकड़ 1 लाख रू0 अनुदान का प्रावधान है, जिसमें पौध रोपण सामग्री, ड्रीप, घेरावन्दी इत्यादि सम्मिलित है। श्री कुमार द्वारा बताया गया कि जिले के बाहर एवं जिले के अन्दर से पपीता की खेती हेतु इच्छुक किसान एवं महिलाए भी जानकारी प्राप्त करने के लिए आ रहें है, जिनकों खेती से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही है। निरीक्षण के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी, सहायक निदेषक उद्यान, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी, प्रखंड तकनिकी प्रबंधक, सहायक तकनिकी प्रबंधक, कृषि समन्वयक एवं किसान सलाहकार उपस्थित थे।

# चौतरवा पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान 18000 रुपए का कांटा चालान, वाहन चालकों में मचा हड़कंप

लोकतंत्र की आवाज



**क्षितिज राज**
**बगहा ।** पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश के आलोक में गुरुवार को चौतरवा पुलिस ने चौतरवा चौक के पास घंटो वाहन जांच अभियान चलाया गया जिसमें 20 वाहनों का चालान काटा गया चौतरवा थाना अध्यक्ष संजीत कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बगहा पुलिस कप्तान के दिशा निर्देश के आलोक में वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है उन्होंने बताया कि एस आई मुकेश कुमार सिंह, ए एसआई अजीत कुमार व सचिन कुमार के नेतृत्व में इंग्लिशिया चौंक धरमाकता, चौंक पर वाहन जांच के क्रम में 18000 रुपए का चालान काटा गया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि हेलमेट, ऑनर बुक ,ड्राइविंग लाइसेंस, प्रदूषण, इंश्योरेंस के साथ डिक्की की भी जांच की जा रही है यदि किसी तरह की त्रुटि पाए जाने पर चालान भी काटा जा रहा है।उन्होंने कहा कि गुरुवार को वाहन चेकिंग के दौरान 18 वाहन चालकों का कट्टा गया चालान जिसमे 18 वाहनों को मिलाकर कुल 18000 हजार रुपए का चालान काटा गया। बता दें कि अन्य वाहन चालक इस प्रक्रिया को देख अपना रास्ता बदल कर जाते देखे गए। वहीं पुलिस के ईस कार्यवाही से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया है।

## विजयपुर गांव निवासी मोहम्मद सत्तार मियां के घर के नजदीक दिखा तेंदुआ

लोकतंत्र की आवाज



**बगहा ।** वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना वन प्रमंडल दो के वाल्मीकि नगर वन क्षेत्र से सटे रिहायशी इलाकों में हिंसक वन्य जीवों की चहल कदमी इन दिनों फिर से देखने को मिल रही है. स्थानीय तीन आरडी पुल से सटे विजयपुर गांव निवासी मोहम्मद सत्तार मियां के घर के नजदीक बुधवार की रात्रि लगभग 10 बजे जब उनके पुत्र सादिक मियां और टिंकू लघु शंका के लिए बाहर निकले तो कुत्तों को तेजी से भोंकते पाया गया. इस दौरान 10 मीटर लगभग की दूरी पर बिजली के प्रकाश में तेंदुआ दिखा. दोनों भाई तेजी से भय के मारे भागते हुए घर में घुस गए. भय के माहौल में जी रहे लोग थोड़ी देर बाद तेंदुआ घर के समीप गन्ने के खेतों की तरफ निकल गया. गौरतलब हो कि बीते वर्षों में टाइगर रिजर्व में शाकाहारी और मांसाहारी जीव जंतुओं की तादाद में वनकर्मियों के कड़ी चौकसी के कारण आशातीत वृद्धि हुई है, लेकिन रिहायशी इलाकों की तरफ वन्य जीव की चहल कदमी आम लोगों के बीच भय का माहौल उत्पन्न कर रही है. इस बाबत जानकारी लेने के लिए वाल्मीकि नगर रेंजर शिवकुमार राम से दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया किंतु नेटवर्क के कारण उनसे संपर्क नहीं हो सका. वहीं सादिक मियां ने बताया कि पहली बार घर के दरवाजे के पास तेंदुआ को काफी नजदीक से देखकर जहां रोमांचित हुआ वही भय का अहसास अब भी हो रहा है.

## बहादुर गंज अंचल के हल्का कर्मचारी के साथ हुए मारपीट के विरोध मे अंचल कर्मियों ने लगाया काला बिल्ला

लोकतंत्र की आवाज



**गौनाहा ।** बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ पटना के आह्वान पर गौनाहा प्रखंड के सीओ विवेक कुमार सिंह, सभी राजस्व कर्मी व राजस्व कर्मचारियों द्वारा काला बिल्ला लगाकर विरोध जताया गया। सीओ ने बताया कि किशनगंज जिला अंतर्गत बहादुर गंज अंचल मे कार्यरत हल्का कर्मचारी तारिक अख्तर के साथ मारपीट एवं दुर्व्यवहार करने के कारण ऑल बिहार के सभी अंचल के सीओ राजस्व कर्मी एवं राजस्व कर्मचारियों ने काला बिल्ला लगाकर विरोध करते हुए अपना ड्यूटी किया। काला बिल्ला लगाने वाला राजस्व कर्मचारियों मे हेड क्लर्क बागेश चंद्र सिंह, सचिन कुमार राकेश कुमार, आशीष कुमार, ललन कुमार भारती, पवन कुमार सिंह, धीरज कुमार, मंटू शर्मा, इम्तियाज अंसारी आदि शामिल थे।

## बगहा एसपी ने माह दिसम्बर 2024 में तीन पुलिस पदाधिकारियों को बगहा पुलिस जिले में सराहनीय कार्य हेतू उन्हें प्रशस्ति पत्र से किया पुरस्कृत

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** पुलिस अधीक्षक, बगहा सुशांत कुमार सरोज की अध्यक्षता में पुलिस जिला बगहा के पुलिस सभागार में जिला स्तरीय माह दिसम्बर–2024 का मासिक अपराध गोष्टी का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, पुलिस उपाधीक्षक यातायात, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस निरीक्षक अंचल, थानाध्यक्ष एवं सभी शाखा प्रभारी शामिल हुए। अपराध गोष्ठी में एसपी सुशांत कुमार सरोज ने सभी थानाध्यक्ष को लंबित काण्डों का ससमय निष्पादन, गश्ती समीक्षा, वाहन जाँच निरोधात्मक कार्रवाई, पासपोर्ट चरित्र सत्यापन का ससमय निष्पादन, अवैध बालू खनन कारोबारियों के विरुद्व छापेमारी, डायल–112, सीसीटीएनएस, मद्यनिषेध अभियान के अन्तर्गत निरन्तर छापामारी करने इसके अतिरिक्त बीते माह दिसम्बर–2024 में लंबित काण्डों का ससमय निष्पादन, वारंट का निष्पादन, बालू खनन के विरूद्ध छापेमारी, गश्ती इत्यादी में सभी थाना का मूल्यांकन किया गया। एसपी ने बताया कि बगहा पुलिस जिला अंतर्गत माह दिसम्बर 2024 में की गई कार्रवाई में वाहन फाईन में 36,15,000, काण्ड का निष्पादन में कुल 273 अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई और 273 जेल भेजे गए। एसआर में 42, एनएसआर में 225, जन शिकायत में प्राप्त 393 पत्रों का निष्पादन किया गया। एक का फिरारी पंजी में नाम दर्ज किया गया साथ ही 98/664 की निरोधात्मक कारवाई की गई। 562 पासपोर्ट का निष्पादन किया गया।इसके साथ ही वारंट का निष्पादन में 298 जमनतीय वारंट का निष्पादन (बीडब्ल्यू), 573 अजमनतीय वारंट का (एनबीडब्ल्यू), 32 कुर्की निष्पादन, 36 इस्तेहार निष्पादन किया गया।इसके साथ एसपी ने बताया कि बगहा पुलिस जिला में 565.720 लीटर देशी शराब बरामद, 239.875 लीटर विदेशी शराब बरामद, दो चक्का वाहन 13 जब्त, चार चक्का वाहन 3 जब्त, 4665.36 लीटर शराब विनिष्ट किया और राज्यसात में 15 हुआ हैं।इसके साथ ही बगहा पुलिस द्वारा 228.73 किलोग्राम गांजा, 04 बालू लदा ट्रैक्टर, 01 देशी कट्टा और 02 अपहृता बरामद किया गया। बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज ने माह दिसम्बर 2024 में निम्नांकित पुलिस पदाधिकारियों को बगहा पुलिस जिले में सराहनीय कार्य हेतू पुलिस जिला स्तरीय रैंकिग के साथ प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया गया जिसमें प्रथम पुरस्कार पुलिस इंस्पेक्टर सह रामनगर थानाध्यक्ष ललन कुमार, द्वितीय पुरस्कार पुलिस इंस्पेक्टर सह धनहां थानाध्यक्ष धर्मवीर कुमार भारती तथा तृतीय पुरस्कार पुलिस इंस्पेक्टर सह चौतरवा थाना थानाध्यक्ष संजीत कुमार को प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### ग्राम कचहरी प्रतिनिधियों एवं कर्मियों का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शुरू



धर्मेंद्र कुमार शर्मा
पकरीबरावा प्रखंड कार्यालय स्थित प्रखंडसंसाधन केंद्र में कुव्यवस्थापरभड़केग्राम कचहरी के सरपंच, उपसरपंच, कचहरी सचिव एवं न्यायमित्रों को दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। इस बीच ग्राम कचहरीकेजनप्रतिनिधियों एवं कर्मियों को ग्राम कचहरी के ई पोर्टल पर ऑनलाइन केस रजिस्ट्रेशन होने की जानकारी दी गई। प्रशिक्षक कार्यकपालक सहायक देवेंद्र कुमार द्वारा बताया गया कि ग्राम कचहरी के ई पोर्टल पर किस तरह केस दर्ज करना है। बतायावेबसाइटी gramkachahari.bihar.gov.in पर आवेदक लॉगिन कर केस दर्ज कर सकते हैं, जहां से ग्राम कचहरी के पोर्टल पर केस दर्ज हो जाएगा। आवेदक को ऑनलाइन पंच चुनने का भी अधिकार दिया गया। प्रशिक्षण में पकरीबरावां के सभी सोलह पंचायतों के सरपंच, उप सरपंच, ग्राम कचहरी सचिव एवंन्यायमित्र शामिल हुए।इधर, प्रशिक्षण के दौरान भारी कुव्यवस्था देखी गई। संबंधित एजेंसी द्वारा कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। न तो नोटबुक– पेन की व्यवस्था की गई थी और न ही पेयजल की समुचित व्यवस्था थी। प्रशिक्षणार्थियों के शोर शराबे के बाद काफी देर बाद नोटबुक उपलब्ध कराया गया।

### स्वच्छता पर्यवेक्षकों को दिए गए निर्देश

धर्मेंद्र कुमार शर्मा
पकरीबरावां। शुक्रवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ. मृत्युंजय कुमार ने स्वच्छता पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की। बैठक में बीडीओ ने स्वच्छता कर्मियों को कई आवश्यक निर्देश दिए।इस अवसर पर प्रखंड समन्वयक नवलेश कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर सुमन कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक धर्मेंद्र कुमार शर्मा, विजय मांझी, कुंदन कुमार, राजेश कुमार, निरंजन पासवान, पप्पू कुमार, मनोज कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी



जगदीशपुर/भोजपुर, जगदीशपुर प्रखंड के आदर्श ग्राम पंचायत दावां में श्रम विभाग द्वारा आयोजित शिविर में श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। जगदीशपुर श्रम परिवर्तन पदाधिकारी अभिमन्यु कुमार ने शिविर का नेतृत्व किया और दावा पंचायत के मुखिया सुषुमलता ने श्रमिकों को योजना के लाभों के बारे में बताया।इस दौरान पीरो के श्रम परिवर्तन पदाधिकारी तनु प्रिया ने ऑनलाइन आवेदन करने की जानकारी दी। इस शिविर में कुल 235 नए आवेदन प्राप्त हुए।विवाह वित्तीय सहायता के लिए 3 आवेदन, पेंशन के लिए 2 आवेदन, सुधार के लिए 10 आवेदन, जिनके निबंध पूर्व में हुए थे, लेकिन कुछ त्रुटियां थीं। इस शिविर के माध्यम से श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई और उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। इसमें श्रमिकों को उनकी दो पुत्रियों की शादी पर ?50,000 की वित्तीय सहायता और बच्चे के जन्म पर ?6,000 की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इसके अलावा, जब श्रमिक का बच्चा मैट्रिक पास करता है, तो उन्हें ?10,000 से ?25,000 तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के लिए पात्र श्रमिकों की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए और उन्हें कम से कम 1 साल में 90 दिन का काम करना चाहिए। इस मौके पर सहार श्रम परिवर्तन पदाधिकारी कुमार गौरव, मनजी चौधरी सहित अन्य थे।

# जदयू कार्यकारिणी की बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव सहित कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

**प्रदेश पार्टी की ओर से आये विधानसभा प्रभारी राम नारायण शर्मा मौजूद रहे**




लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली ।** प्रखण्ड क्षेत्र के लेंगुरा, अंधरबारी, मुरहेना, बहादुरपुर एवं फरकाबुजुर्ग सहित विभिन्न पंचायतों में जनता दल यूनाइटेड के प्रखण्ड इकाई द्वारा पंचायत कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक गुरुवार को आयोजित की गई।इस कार्यकारिणी की बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई।इस दौरान वरिष्ठ जदयू नेता एमएलसी प्रतिनिधि दीपक कुमार मुन्ना व जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष कारू सिंह के अलावे प्रखण्ड प्रभारी बिपिन दांगी एवं प्रदेश पार्टी की ओर से आये विधानसभा प्रभारी राम नारायण शर्मा मौजूद रहे।कार्यक्रम में आगामी विधानसभा चुनाव सहित अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।विधानसभा प्रभारी राम नारायण शर्मा ने बैठक में सबसे पहले पंचायत कार्यकारिणी का सत्यापन किया।साथ ही प्रखंड कार्यकारिणी व सभी पंचायत अध्यक्षों को हर 15 दिन में पंचायत कार्यकारिणी की बैठक करने का निर्देश दिया।उन्होंने बैठक में सदस्यों के साथ में आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा करने और उसपर रणनीति बनाकर कार्य करने की बात कही।उन्होंने सभी से आपस में मिलकर एकजुट होकर ईमानदारी से पार्टी हित में कार्य करने की भी सलाह दी है।वहीं एमएलसी प्रतिनिधि मुन्ना ने बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा बिहार के चतुर्दिक विकास की विस्तार से चर्चा की साथ ही उनके कार्यों को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। उन्होंने सभी लोगो से पंचायत व बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने हेतु अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने एवं सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों के प्रति जोड़ने का आह्वाहन किया।वहीं प्रखण्ड अध्यक्ष कारू सिंह ने कहा कि बिहार के वास्तव में कोई सेवक हैं,तो वह नीतीश कुमार हैं।उनके नेतृत्व में बिहार काफी तरक्की की है।इसलिए नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत करना आवश्यक है एवं आगामी विधानसभा चुनाव में हमारे प्रत्याशी अधिक से अधिक मत प्राप्त कर जीत दर्ज करें। कार्यक्रम के मौके पर दर्जनों जदयू कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## जागृति जत्था का भव्य स्वागत




लोकतंत्र की आवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**
**पकरीबरावा ।** प्रखंड स्थित बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक – शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ की ओर से प्रदेश के सम्मानित उपाध्यक्ष डॉङ्क कुमार राकेश कानन जी के नेतृत्व में अपनी मांगों को लेकर प्रदेश से एक जागृति जत्था निकली है । जिसका शुभारंभ नवादा जिला से किया गया है । आज जागृति जत्था का स्वागत कृषक महाविद्यालय देवधा पकरीबरावां में भव्य स्वागत किया गया । जागृति जत्था में आए हुए अतिथियों के सम्मान में महाविद्यालय के सेंट्रल हॉल में एक एक सभा आयोजित किया गया , जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के सम्मानित अध्यक्ष मोहम्मद यूनुस जी किए मंच संचालन कार्य नवादा जिला अध्यक्ष डॉ नरेंद्र सिंह जी के द्वारा किया गया । जत्था के साथ आए हुए अतिथियों ने महासंघ के कई उपलब्धियां गिनाए और आने वाले कठिनाइयों से भी सावधान किया । महाविद्यालय शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ की ओर से 1000 से अधिक हस्ताक्षर दस्तावेज जो जो शिक्षक, कर्मचारी , विद्यार्थी, अभिभावक, जनप्रतिनिधि , समाजसेवियों के द्वारा महासंघ के समर्थन हस्ताक्षर का दस्तावेज सोपा गया । इस कार्यक्रम में भक्ताओं ने अपने – अपने चिर परिचित अंदाज में सभा को सम्बोधित किया । मंच की शोभा बढ़ाने वालों में से सर्वप्रथम डॉङ्क कुमार राकेश कानन जी, महासंघ के भीष्म पितामह कहे जाने वाले श्रीमान बांके बिहारी जी , वीर वीरांगना डॉङ्क लालसा मैडम जी, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉङ्क देवेंद्र बाबू , महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉङ्क देवेंद्र कुमार , प्रोङ्क राधेश्याम बाबू , डॉ अमरेंद्र कुमार , डॉ चंद्रकांत झा, प्रोङ्क सुनील कुमार , प्रोङ्क ओम प्रकाश सिंह , मगध विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी विकास कुमार आदि प्रमुख थे। सबों ने एक नारा दिया । एक मात्र है मांग हमारी, डिग्री कॉलेज हो सरकारी

## ठंड बढ़ी लेकिन गायघाट में अलाव की व्यवस्था नहीं



लोकतंत्र की आवाज

**दीपक कुमार**
**गायघाट।** पूस माह की सर्द रातें जहां एक ओर गरीबों पर सितम ढ़ा रही है, वहीं कनकनाती सुबह भी लोगों की परेशानी बढ़ा रही है. ऐसे में सुबह काम की तलाश में निकलने वाले मजदूरों, राहगीरों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है. इस कंपकंपाती ठंड से राहत पाने के लिए राहगीरों, मजदूरों, ठेला व रिक्शा चालकों को ठंड में अलाव भी नसीब नहीं हो रहा है. बेनीबाद , गायघाट चौंक सहित अन्य जगहों पर सुबह–शाम अलाव की व्यवस्था नहीं होने की वजह से राहगीरों को ठंड की ठिठुरन से निजात नहीं मिल पा रहा है व स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा अलाव की व्यवस्था करने को लेकर दिलचस्पी लेने की वजह से लोगों की परेशानी बढ़ गयी है. वहीं प्रशासनिक स्तर पर भी इसके लिए कोई इंतजाम होता दिखाई नहीं दे रहा है।

## भितिहरवा गांधी आश्रम में आयोजित मेगा शिविर में श्रमिकों के निबंधन हेतु प्राप्त हुए 415 आवेदन पत्र श्रमिकों को मिलेंगे सभी तरह के लाभ – श्रम परिवर्तन पदाधिकारी

लोकतंत्र की आवाज



**गौनाहा ।** प्रखंड भितिहरवा गांधी आश्रम के समीप स्थित शिव मंदिर प्रांगण में गुरुवार को एकदिवसीय मेगा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे श्रमिकों द्वारा निबंधन हेतु 415 आवेदन पत्र जमा किए गए। गौनाहा प्रखंड के श्रम परिवर्तन पदाधिकारी नीलम आकाश ने बताया कि बिहार सरकार श्रम संसाधन विभाग के श्रम अधीक्षक वीरेंद्र कुमार महतो के निर्देशा अनुसार मेगा शिविर का आयोजन किया गया है। उन्हों ने बताया कि बिहार भवन एवम अन्य सन्ननिर्माण करम कर्म कार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमे निर्माण श्रमिक एवम मनरेगा श्रीमिको के निबंधन हेतु मेगा शिविर में आवेदन जमा किए गए। मेगा शिविर में श्रम परिवर्तन पदाधिकारी नरकटियागंज के रूपेश कुमार, मझौलीया के भीम कुमार, सीएससी के जिला प्रबंधक अभय वर्मा सहित विभिन्न सीएससी के संचालक उपस्थित थे। मेगा शिविर में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक निबंधन हेतु आवेदन पत्र जमा किए गए। निबंधन के उपरांत श्रमिकों को बच्चीयों के शादी हेतु वितीय सहायता 50 हज़ार, पितृत्व लाभ 6 हज़ार, शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता व टीयूशन फी हेतु क्रमशः 5 हज़ार, 10 हज़ार व 20 हज़ार श्रमिकों के बच्चों को दिए जाएंगे। ऐसे ही मैट्रिक एवम इंटर में 60 प्रतिशत अंक लाने वाले बच्चों को प्रत्येक वर्ष क्रमशः 10 हज़ार, 15 हज़ार व 25 हज़ार नगद पुरस्कार दिया जाएगा। विद्यालय जाने वाले बच्चों एवम बच्चीयों को साइकिल खरीदने वास्ते 3 हज़ार 500 रुपये दिए जाएंगे। वार्षिक चिकित्सा अनुदान के रूप में 3 हज़ार रुपये प्रतिवर्ष तथा स्वाभाविक मृतु होने पर 2 लाख व दुर्घटना मृत्यु होने पर 4 लाख रुपये दिए जाएंगे। लेबर इंस्पेक्टर ने बताया कि श्रमिक के किसी परिवार के सदस्यों का मृत्यु होने पर दाहसंस्कार हेतु 5 हज़ार रुपये दिए जाएंगे।

## रजौली:प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों से मिलकर उनकी परेशानियों को समझा,जल्द होगा समस्या का निदान,बीडीओ पदाधिकारियों की टोली पहुंची चोरडीहा गांव

लोकतंत्र की आवाज



**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** प्रखण्ड क्षेत्र के हरदिया पंचायत के फुलवरिया डैम के पार सुदूरवर्ती चोरडीहा,पिपरा एवं परतौनिया गांव में पेयजल,बिजली,सड़क एवं जनवितरण प्रणाली की दुकान की गांव से अधिक दूरी जैसी आधारभूत सुविधाओं के बिना जूझ रहे ग्रामीणों के बीच गुरुवार को प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों की टोली पहुंची एवं ग्रामीणों से मिलकर उनकी परेशानियों का भौतिक सत्यापन किया।इस दौरान बीडीओ संजीव झा,सीओ मो. गुफरान मजहरी,मनरेगा पीओ नीरज कुमार त्रिवेदी,पीएचईडी के एई अजय कुमार व जेई चन्दन कुमार, मनरेगा पीटीए मनोज कुमार एवं ग्राम पंचायत के मुखिया पिन्टू साव मौजूद रहे।चोरडीहा गांव के ग्रामीणों के शिकायत के आलोक में बीते 3 जनवरी को अखबार में खबर प्रकाशित की गई थी।खबरों के प्रकाशन के बाद अधिकारियों व पदाधिकारियों ने सुदूरवर्ती गांव के लोगों की परेशानियों को जानने उनके गांव पहुंची।बीडीओ ने बताया कि गुरुवार को प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों के सहयोग से प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत चोरडीहा,पिपरा एवं परतौनिया गांव गयें।पदाधिकारियों के निरीक्षण में ग्रामीणों को पेयजल,सड़क,बिजली एवं पीडीएस दुकान की दूरी गांव से काफी दूर पाई गई।बीडीओ ने कहा कि सोलर प्लेट की चोरी हो जाने के कारण गांवों में बिजली बाधित है।उन्होंने कहा कि ग्रामीण बहुत सारी आधारभूत सुविधाओं के बिना जीवनयापन कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समेकित समस्याओं को लेकर सम्बंधित विभाग को पत्राचार किया जा रहा है।जल्द ही चोरडीहा,पिपरा एवं परतौनिया में मौजूदा समस्याओं का निवारण किया जाएगा।वहीं पदाधिकारियों को देख ग्रामीण काफी उत्साहित दिखाई दिए।साथ ही उनमें यह आस जग गई कि अब उनकी समस्याओं के निवारण हो जाएगा।

## आरसी इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 2 के छात्र साहिल की संदिग्ध परिस्थिती स्थिति में मौत

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा ।** पुलिस जिला अंतर्गत चौतरवा थाना क्षेत्र स्थित आरसी इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा दो के छात्र साहिल राज की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया. मृतक छात्र के परिजनों ने स्कूल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए और मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की मृतक छात्र को जब विद्यालय प्रबंधन द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, तो चिकित्सक डॉ. चंदन कुमार ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. छात्र के मृत घोषित होते ही परिजनों में कोहराम मच गया और उन्होंने स्कूल प्रशासन के खिलाफ जमकर विरोध किया. घटनास्थल पर बाजार से बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए. पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और स्कूल के निदेशक आत्मा यादव को हिरासत में ले लिया।साहिल के चचेरे भाई ने बताया कि शाम करीब 4:30 बजे स्कूल से सूचना मिली थी कि साहिल फुटबॉल खेलते वक्त चोटिल हो गया है. उसे स्थानीय उपचार के बाद अस्पताल लाया जा रहा था. जब वे अस्पताल पहुंचे, तो साहिल को मृत पाया गया. परिजनों ने बताया कि साहिल के नाक और कान से खून निकल रहा था, और वे मानते हैं कि साहिल फुटबॉल खेलते वक्त घायल नहीं हुआ था. उनका आरोप है कि वह या तो स्कूल की छत से गिरा है, या उसका एक्सीडेंट हुआ है. वही इस घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है परिजनों ने न्याय की मांग करते हुए स्कूल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की अपील की है. इस विषय पर चौतरवा थाना के प्रभारी संजीत कुमार ने कहा कि नगर थाना से सूचना मिलने के बाद वह मामले की जांच कर रहे हैं. साहिल होस्टल में रहकर पढ़ाई करता था और तीन बहनों का इकलौता भाई था।

## खलिहान में रखे धान की पूंज में आग लगने से लाखों का हुआ नुकसान किसानों का है रो रो कर बुरा हाल,नुकसान को लेकर सीओ को आवेदन देने की बात कही

लोकतंत्र की आवाज



**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के लेंगुरा पंचायत के जमालपुर गांव स्थित खलियान में बुधवार की शाम धान के पुंज में आग लगने से किसान की लाखों की संपति जलकर राख हो गई।जमालपुर गांव के किसान स्व परमेश्वर महतो के पुत्र मथुरा प्रसाद के खलिहान में रखे हुए धान की पूंज में अज्ञात कारणों से आग लग गई। किसान मथुरा प्रसाद ने बताया कि आग लगने से हमारे लगभग दो एकड़ के खेतों से उपजे हुए धान की सारी फसल जलकर राख हो गई है। जली हुई फसलों की बाजार मूल्य लाखों रूपये से भी ज्यादा है।इतना कहते–कहते किसान का रो–रो कर बुरा हाल हो गया।घटना के कारण जब तक ग्रामीण को पता चला तब तक धान पुंज का पुंज जलकर बर्बाद हो गया।इस आग की घटना में किसान का आठ से नौ हजार धान के पुंज की नेवारी जलकर राख हो गया।इस आग से किसान के लाखों की सम्पत्ति जलकर बर्बाद होने की बात बताई जा रही है। इस घटना के बाद पीड़ित किसान ने इसकी लिखित जानकारी सीओ मो. गुफरान मजहरी को देनी की बात कही है। सीओ ने कहा कि किसान के द्वारा आवेदन मिलने के बाद कर्मचारी से जांच रिपोर्ट के बाद ही उचित मुआवजे को लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सशस्त्र सीमा बल 65 वाहिनी द्वारा निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया

लोकतंत्र की आवाज




**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
65 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बेतिया शिविर बगहा के कमांडेंट नंदन सिंह मेहरा के मार्गदर्शन में कैलाशनगर वार्ड न.झ 04, बगहा के स्थानीय नागरिकों के लिए निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया । वाहिनी के चिकित्सा अधिकारी डॉ नवनीत कौर, सहायक कमांडेंट (चिकित्सा) 65 वाहिनी के द्वारा स्थानीय लोगों को इलाज कर निःशुल्क दवा का वितरण किया गया । 65 वाहिनी द्वारा नागरिक कल्याणकारी कार्यक्रम के अंतर्गत समय–समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है । कार्यक्रम की पूर्व सूचना संबन्धित ग्राम–जनप्रतिनिधियों को दी गई थी जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इस कार्यक्रम द्वारा लाभान्वित हो सकें। इस कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्थानीय नागरिकों को ठंड के मौसम में स्वयं को बिमारियों से सुरक्षित रखने के उपाय एवं स्वच्छता के नियमों का पालन करने के बारे में विस्तार से बताया गया। स्थानीय नागरिकों ने इस कार्यक्रम का भरपूर लाभ लिया। कार्यक्रम के पश्चात नागरिकों ने इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन भविष्य में नियमित रूप से करते रहने का निवेदन किया जिससे गरीब नागरिकों के स्वास्थ्य जांच तथा दवा की जरूरतों को पूरा किया जा सके । इस कार्यक्रम मे लगभग 215 मरीजों की निःशुल्क जांच कर दवा का वितरण किया गया । चिकित्सा अधिकारी द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान तथा नशीली दवाओं के दुरुपयोग के संबंध मे और ₹बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ₹ तथा युवतियों को केंद्रीय पुलिस बल मे भर्ती होने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम मे डॉ नवनीत कौर, सहायक कमांडेंट (चिकित्सा), तूफानी बैठा वार्ड पार्षद वार्ड संख्या –04 कैलाशनगर, 65 वाहिनी की चिकित्सा टीम तथा जवान सम्मिलित हुए ।

# पूर्णिया में खेलों का नया आयाम: पनोरमा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में लांग टेनिस कोर्ट का निर्माण, खिलाड़ियों के लिए नई सौगात

लोक तंत्र की आवाज

**पूर्णिया।** पनोरमा ग्रुप के चेयरमैन और पनोरमा स्पोर्ट्स के अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने ई होम्स पनोरमा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में लांग टेनिस कोर्ट के निर्माण का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह परियोजना खिलाड़ियों के बेहतर अभ्यास और खेल विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम है। इसके अलावा, पनोरमा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में कुश्ती, कबड्डी, खो-खो, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, स्विमिंग पूल और चिल्ड्रन पार्क का भी निर्माण किया जाएगा।

**अत्याधुनिक सुविधाएं खिलाड़ियों के लिए बेहतर अवसर:** पूर्णिया में स्थित स्टेशन क्लब और डी एस ए ग्राउंड के लांग टेनिस कोर्ट पहले से ही क्षतिग्रस्त हो चुके थे, जिससे खिलाड़ियों को अभ्यास में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। पनोरमा ग्रुप ने इन समस्याओं को गंभीरता से लिया और ई होम्स पनोरमा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में अत्याधुनिक लांग टेनिस कोर्ट के निर्माण का निर्णय लिया। इसके अलावा, कुश्ती, कबड्डी, खो-खो, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और स्विमिंग पूल जैसे खेलों के लिए भी सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जो क्षेत्रीय खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा तोहफा साबित होंगी।



**शिलान्यास समारोह में क्या कहा श्री मिश्रा ने ?:** शिलान्यास समारोह के दौरान संजीव मिश्रा ने नारियल फोड़कर इस परियोजना की शुरुआत की और खिलाड़ियों के लिए बेहतर अवसर प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। उन्होंने कहा, ₹हमारा उद्देश्य है कि इस खेल परिसर में खिलाड़ियों को उच्चतम मानक की सुविधाएं मिलें। यहां हम उन्हें वह वातावरण देंगे, जिसमें वे अपने खेल में महारत हासिल कर सकें और आगे बढ़ सकें।₹

**स्विमिंग पूल और लांग टेनिस कोर्ट की आवश्यकता का समाधान:** श्री मिश्रा ने यह भी बताया कि पहले से मौजूद क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी और एथलेटिक्स के लिए मैदानों जैसे जिला स्कूल एकलव्य सेंटर, डी एस ए ग्राउंड, राजकीय गर्ल्स हाई स्कूल, और इंदिरा गांधी स्टेडियम में अच्छे अभ्यास के अवसर हैं, लेकिन स्विमिंग पूल और लांग टेनिस कोर्ट की भारी कमी महसूस हो रही थी। इस कमी को पूरा करने के लिए यह पहल की गई है।

**खेलों में क्षेत्रीय योगदान की सराहना:** इस अवसर पर ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन और बिहार अंडर-16 चयन समिति के पूर्व सदस्य हरिओम झा ने पनोरमा ग्रुप के इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा, ₹पनोरमा ग्रुप के चेयरमैन संजीव मिश्रा का योगदान अतुलनीय है। उनकी कोशिशों से पूर्णिया में खेलों को एक नई दिशा मिल रही है। यह परियोजना न केवल पूर्णिया, बल्कि कोशी, सीमांचल, मिथिलांचल और पूरा बिहार के खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी पहल है। इसके माध्यम से राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन भी संभव होगा, जिससे यहां के खिलाड़ियों को एक बेहतर मंच मिलेगा।

**राष्ट्रीय स्तर के खेलों के लिए भी कदम :** श्री मिश्रा ने आगे कहा, ₹हमारे प्रयास होंगे कि जहां भी इस प्रोजेक्ट के लिए जगह उपलब्ध होगी, वहां एक या दो राष्ट्रीय स्तर के खेल कोर्ट बनाए जाएं, ताकि हमारे खिलाड़ियों को अधिक से अधिक अवसर मिल सकें। हमारी यह पहल खिलाड़ियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए की जा रही है, ताकि वे हर स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें।₹

- पनोरमा ग्रुप के चेयरमैन संजीव मिश्रा ने नारियल फोड़कर किया शिलान्यास, खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम

**खेलों के प्रति समर्पण और विकास :** इस परियोजना के तहत पनोरमा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स से कोशी, सीमांचल, मिथिलांचल और पूरा बिहार के खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा का अवसर मिलेगा। यह पहल क्षेत्रीय खिलाड़ियों को खेलों के प्रति उत्साह और प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देगी, जिससे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उनके प्रदर्शन में भी सुधार होगा। यह परियोजना पूर्णिया को खेलों के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

पनोरमा ग्रुप की इस पहल से पूर्णिया और आसपास के क्षेत्रों में खेलों का स्तर और प्रतिस्पर्धा दोनों ही बढ़ेंगे। इससे ना केवल क्षेत्रीय खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना पाएंगे, बल्कि उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए एक उचित मंच भी मिलेगा।

## संक्षिप्त खबरें ।


### स्वास्थ्य और समाज सेवा का संगम: रक्तदान शिविर ने समाज में सहयोग और एकता का नया अध्याय रचा



लोक तंत्र की आवाज
नरपतगंज। भंगही पंचायत के श्यामनगर सिंह टोला स्थित दुर्गा देवी के आवासीय प्रांगण में बुधवार को मानव कल्याण हमारा मिशन संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष राजीव रंजन के नेतृत्व में एक प्रेरणादायक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्व. परशुराम सिंह की 32वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित हुआ। इस अवसर पर एसएसबी जवानों, समाजसेवियों, युवाओं और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार, समाजसेवी मनोरंजन मंडल, और आयोजिका दुर्गा देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के दौरान अंजनी कुमार ने रक्तदान की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा, "रक्तदान जीवन बचाने का सबसे प्रभावी और सशक्त माध्यम है। यह मानवता का प्रतीक है और हर व्यक्ति को इसमें अपनी भूमिका निभानी चाहिए। शिविर में एसएसबी जवानों और अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इसके साथ ही, बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं और महिलाओं ने भी शिविर में भाग लिया। आयोजकों ने सुनिश्चित किया कि रक्तदान शिविर में सभी स्वास्थ्य सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए, ताकि रक्तदाताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम में एसएसबी के कमांडेंट सुरेंद्र विक्रम, मेडिकल कमांडेंट एच.के. शिंदे और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस आयोजन में स्व. परशुराम सिंह के परिवार ने भी अहम भूमिका निभाई। परिवार के सदस्य दुर्गा देवी, जितेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, राजीव सिंह, वंदना सिंह, ममता सिंह, राखी सिंह, और अनन्या सिंह ने आयोजन को सफल बनाने में अपनी पूरी मेहनत और समय समर्पित किया। इसके अलावा खत्री परिवार के ब्रजभूषण सिंह, साधन सिंह, इंद्रजीत सिंह, अनिकेत सिंह गोलू, राजा सिंह, युवराज सिंह, आशु सिंह, आयुष सिंह, शौर्य सिंह, आनंद सिंह सहित जिला भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष नागेश्वर यादव और अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**समाजसेवा का संदेश: सहयोग, सेवा और एकता की भावना का प्रसार:** यह रक्तदान शिविर न केवल रक्तदान की महत्ता को उजागर करता है, बल्कि यह समाज में सहयोग, सेवा, और एकजुटता की भावना को भी प्रोत्साहित करता है। "मानव कल्याण हमारा मिशन" ने एक बार फिर यह साबित किया कि समाजसेवा का मिशन जीवित है और यह समाज को नई दिशा दे रहा है। इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि अगर हम सब एकजुट होकर समाज की सेवा करें, तो हम एक स्वस्थ और समृद्ध समाज का निर्माण कर सकते हैं। इस आयोजन ने स्वयंसेवी रक्तदान के महत्व को रेखांकित किया और एकजुट होकर समाज के लिए कुछ करने की प्रेरणा दी। यह शिविर समाज में मानवता और सहयोग की भावना को फैलाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

### ठंड में बच्चे व बुढ़ो के स्वास्थ्य को लेकर रहें सजग, सजगता है: डां नवीन कुमार



लोकतंत्र की आवाज
सोनवर्षा राज सहरसा संवादाता। प्रखंड क्षेत्र में कड़ाके की ठंड के साथ ही लोगों में विभिन्न तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां बढ़ती जा रही है। लोग सर्दी-खांसी, बुखार, दस्त सहित अन्य बिमारियों के शिकार हो रहे हैं। ऐसे लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है। विशेषकर बच्चें व बुढो के स्वास्थ्य को लेकर अधिक सजगता की जरुरत है। उक्त बाबत शिशु रोग विशेषज्ञ डां नवीन कुमार का कहना है की ठंड बढ़ने पर इसका सीधा असर शरीर पर पड़ता है। इस दौरान ठंड लगने पर शरीर को अपना तापमान बनाए रखने के लिए अत्यधिक उर्जा खर्च करनी पड़ती है। जो सीधे शरीर के इम्युनिटी सिस्टम को प्रभावित करता है और लोग बीमार पड़ते हैं। ऐसे मे ब्लड प्रेशर व दिल की समस्या, खून की कमी, मधुमेह वाले लोगों को अधिक सावधान रहने की जरूरत है। ठंड में ब्लड प्रेशर बढ़ने, रक्त का थक्का जमने व हार्ट के सिकुड़ने की समस्या के कारण हार्ट अटैक, ब्रेन हेमेज जैसी समस्या हो सकती है। बच्चों में ठंड के कारण एलर्जी की समस्या जैसे मतलब सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार, दस्त आदि होने लगती है। इसका कारण बच्चे खेल में ठंड पर ध्यान नहीं देते जिससे बच्चे ठंड का शिकार हो जाते हैं। जिस कारण बच्चों को ठंड से बचाने के लिए हमेशा उसकी गतिविधियां, गर्म कपड़े व भोजन पर नजर रखनी चाहिए। ऐसे में स्वयं के साथ बच्चों को भी हल्का गर्म पानी पिलाने का प्रयास करने के साथ भोजन में ठंडी चिजे व फ्रीज में रखे किसी खाद्य पदार्थ कदापि नहीं देनी चाहिए। डां कुमार ने कहा की नन्हें बच्चों को हमेशा गर्म कपड़े से ढंक कर रखना चाहिए वहीं अगर बच्चा नवजात है तो मां अधिकांश समय बच्चों को अपनी गोद में या शरीर से सटाकर रखें ताकी नवजात को शरीर की गर्मी मिलती रहे।

# जिलाधिकारी ने औचक निरीक्षण कर डेंगराही पूल निर्माण कार्य की अद्यतन जानकारी, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश



लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** जिलाधिकारी वैभव चौधरी द्वारा सलखुआ प्रखंड अंतर्गत चानन, सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड के कठडूमर, घोघसम पंचायत भ्रमण क्रम में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की अद्यतन क्रियान्वयन स्थिति का निरीक्षण किया गया। सलखुआ प्रखंड अंतर्गत चानन में उन्होंने प्रस्तावित डेंगराही पुल से संबंधित स्थल का निरीक्षण किया एवं क्रियान्वयन एजेंसी से पुल निर्माण के संबंध में अद्यतन जानकारी ली। उन्होंने मौके पर उपस्थित कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, सिमरी बख्तियारपुर को खगड़िया से कबीरा धाप बाजार, थाना अंतर्गत समाहित सड़क के दयनीय स्थिति पर गहरी नाराजगी प्रकट की एवं इसके मरम्मती हेतु अविलंब आवश्यक कारवाई का निर्देश दिया है।

भ्रमण क्रम में जिलाधिकारी ने स्थानीय व्यक्तियों से मिले। उनसे क्रियान्वित जनकल्याणकारी योजनाओं के अद्यतन संचालन स्थिति संबंध में जानकारी प्राप्त एवं स्थानीय प्रशासन को योजना विषयक किसी भी प्रकार के समस्या संज्ञान में आने पर इसके यथोचित निवारण हेतु आवश्यक कारवाई का निर्देश दिया है। वे डेंगराही के वार्ड नंबर में जीविका दीदी समूह द्वारा आयोजित बैठक में सम्मिलित हुए, उनसे स्वयं सहायता समूह, जीविका दीदी द्वारा किए जा रहे कार्यों संबंध में पूछताछ की, राज्य / समाज के आर्थिक विकास में उनके योगदान की सराहना की। अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कबीरा धाप बाजार भ्रमण क्रम में जिलाधिकारी द्वारा दवा वितरण कक्ष / पेयजल सुविधा एवं अन्य उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया गया एवं प्रदत स्वास्थ्य सुविधाओं के उत्कृष्ट प्रबंधन हेतु निर्देशित किया गया है। विद्युत शक्ति उपकेंद्र, कठ डूमर निरीक्षण क्रम में इसको अविलंब क्रियाशील करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता विद्युत को दिया गया है। उक्त अवसर पर उप विकास आयुक्त श्री संजय कुमार निराला, एसडीओ / सदर एवं सिमरी बख्तियारपुर सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तर पर मिल रही सभी सुविधा बरियाही पंचायत में हुआ उपलब्ध : गणेश गौरव पान



लोकतंत्र की आवाज
**सहरसा संवादाता।** प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को ग्राम पंचायत बरियाही के पंचायत भवन प्रांगण में प्रखंड के सभी पदाधिकारी एवं प्रखंड कर्मियों द्वारा एक दिन का प्रखंड कार्यक्रम संचालन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में लोगों को प्रखंड में जो सुविधा आम लोगों को मिलती है। वह सुविधा आज उनको अपने ही पंचायत में प्रखंड द्वारा उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बरियाही मुखिया संगीता कुमारी प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिषेक सिंह, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी अरुण सिंह, पंचायत सचिव सोनाली सहगल, पंचायत रोजगार सेवक मनोरंजन कुमार सिंह, आवास सहायक संजय कुमार राम, विकास मित्र दीपक कुमार राम, किसान सलाहकार प्रवेज आलम एवं जनप्रतिनिधि जदयू नेता गणेश गौरव पान, सरपंच प्रतिनिधि नवीन कामत, उप मुखिया प्रतिनिधि गुड्डू शाह, वार्ड सदस्य मृणाल कुमार, किशन देव दास, देवेंद्र कुमार तांती, दिनेश यादव, प्रवीण कुमार झा, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि जयराम यादव, सुनील यादव, संतोष यादव, भवेश कुमार राम सहित स्वच्छता कर्मी एवं कर्मचारी सच्ची भूषण सिंह एवं दर्जनों आम लोग उपस्थित रहकर अपना अपना कार्य संपन्न करवाया।

# सहरसा: प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग से संचालित योजनाओं की क्रियान्वयन स्थिति की समीक्षा, दिये दिशा-निर्देश

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** कोशी प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त दिनेश कुमार द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की। अद्यतन क्रियान्वयन स्थिति की समीक्षा की गई एवं उपयुक्त दिशा निर्देश दिए गए। विकसित बिहार के सात निश्चय अंतर्गत संचालित आर्थिक हल, युवाओं को बल के तहत बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, कुशल युवा कार्यक्रम की अद्यतन संचालन स्थिति समीक्षा के क्रम में वर्णित योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया गया है ताकि अधिकाधिक पात्र विद्यार्थी वर्णित योजनांतर्गत आवेदन दे सके।



जानकारी दी गई की सहरसा जिलांतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष में अभी तक कुल 616 विद्यार्थी बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से, जबकि 698 विद्यार्थी मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना से लाभान्वित हुए है। जबकि कुशल युवा कार्यक्रम अंतर्गत प्रशिक्षणरत आवेदकों की संख्या 1538 है। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा संचालित नल जल योजना समीक्षा क्रम में इसके निर्बाध संचालन एवं योजना विषयक किसी भी प्रकार के शिकायत संज्ञान में आने पर इसके त्वरित निवारण का निर्देश दिया गया है। राजस्व विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों यथा: ऑनलाइन म्यूटेशन, परिमार्जन प्लस से संबंधित लंबित आवेदनों के सम्यक निष्पादन का निर्देश दिया गया है। इसके अतिरिक्त अभियान बसेरा, भू राजस्व संग्रहण में भी लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हेतु आवश्यक कारवाई का निर्देश दिया गया है। जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा संरक्षण के उद्देश्य से क्रियान्वित जल जीवन हरियाली अभियान अंतर्गत लक्षित कुल 11 अवयवों यथा पौधरोपण सोखता निर्माण, सार्वजनिक जल निकायों के जीर्णोद्धार, सोलर प्लेट उपयोग को प्रोत्साहित करना आदि के संदर्भ में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत उपलब्धि हेतु आवश्यक कारवाई का निर्देश दिया गया है। तकनीकी विभागों यथा: ग्रामीण कार्य विभाग, पथ प्रमंडल, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, भवन प्रमंडल, एनएचएआई एवं एनएच आदि को लंबित योजनाओं के सम्यक एवं गुणवतापूर्ण क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया गया है। बैठक में कुल 19 बिंदुओं के संदर्भ में समीक्षा की गई एवं संबंधित विभागों को योजना क्रियान्वयन में तेजी लाने हेतु ठोस कारवाई का निर्देश दिया गया है। उक्त अवसर पर जिलाधिकारी वैभव चौधरी, उप विकास आयुक्त संजय कुमार निराला सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग से संचालित योजनाओं की क्रियान्वयन स्थिति की समीक्षा, बैठक में दिये दिशा-निर्देश

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** कोशी प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त दिनेश कुमार द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की। अद्यतन क्रियान्वयन स्थिति की समीक्षा की गई एवं उपयुक्त दिशा निर्देश दिए गए। विकसित बिहार के सात निश्चय अंतर्गत संचालित आर्थिक हल, युवाओं को बल के तहत बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, कुशल युवा कार्यक्रम की अद्यतन संचालन स्थिति समीक्षा के क्रम में वर्णित योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया गया है ताकि अधिकाधिक पात्र विद्यार्थी वर्णित योजनांतर्गत आवेदन दे सके। जानकारी दी गई की सहरसा जिलांतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष में अभी तक कुल 616 विद्यार्थी बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड



योजना से, जबकि 698 विद्यार्थी मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना से लाभान्वित हुए है। जबकि कुशल युवा कार्यक्रम अंतर्गत प्रशिक्षणरत आवेदकों की संख्या 1538 है।

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा संचालित नल जल योजना समीक्षा क्रम में इसके निर्बाध संचालन एवं योजना विषयक किसी भी प्रकार के शिकायत संज्ञान में आने पर इसके त्वरित निवारण का निर्देश दिया गया है। राजस्व विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों यथा: ऑनलाइन म्यूटेशन, परिमार्जन प्लस से संबंधित लंबित आवेदनों के सम्यक निष्पादन का निर्देश दिया गया है। इसके अतिरिक्त अभियान बसेरा, भू राजस्व संग्रहण में भी लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हेतु आवश्यक कारवाई का निर्देश दिया गया है। जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा संरक्षण के उद्देश्य से क्रियान्वित जल जीवन हरियाली अभियान अंतर्गत लक्षित कुल 11 अवयवों यथा पौधरोपण सोखता निर्माण, सार्वजनिक जल निकायों के जीर्णोद्धार, सोलर प्लेट उपयोग को प्रोत्साहित करना आदि के संदर्भ में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत उपलब्धि हेतु आवश्यक कारवाई का निर्देश दिया गया है। तकनीकी विभागों यथा: ग्रामीण कार्य विभाग, पथ प्रमंडल, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, भवन प्रमंडल, एनएचएआई एवं एनएच आदि को लंबित योजनाओं के सम्यक एवं गुणवतापूर्ण क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया गया है। सामाजिक सुरक्षा, दिव्यांजन सशकतीकरण, आईसीडीएस को क्रमशः संचालित पेंशन योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना अन्य संबंधित जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। बैठक में कुल 19 बिंदुओं के संदर्भ में समीक्षा की गई एवं संबंधित विभागों को योजना क्रियान्वयन में तेजी लाने हेतु ठोस कारवाई का निर्देश दिया गया है। उक्त अवसर पर जिलाधिकारी वैभव चौधरी, उप विकास आयुक्त संजय कुमार निराला आदि मौजूद थे।

# शराब तस्करों को पकड़ने गई पुलिस टीम पर तस्करों ने चलाई गोली, बाल बाल बची पुलिस टीम

लोकतंत्र की आवाज

**सिमरी बख्तियारपुर/सहरसा।** शराब तस्कर को पकड़ने गई पुलिस टीम पर तस्करों ने चलाई गोली। बाल-बाल बची पुलिस टीम सिमरी बख्तियारपुर ठल-107 मार्ग के रंगिनिया चौक के समीप शराब तस्कर को पकड़ने गई पुलिस टीम पर तस्करों ने गोली चला दी जिसमें पुलिस टीम बाल-बाल बच गए।इतना ही नही तस्करों ने तेज रफ्तार स्कॉर्पियो से पुलिस पदाधिकारी रोदने का भी प्रयास किया गया।वहीं पुलिस के द्वारा आत्मरक्षा के मद्देनजर जवाबी कार्यवाही मे उन्हें भी गोली चलानी पड़ी पुलिस की गोली शराब तस्कर के स्कारपीयो वाहन के टायर मे जा लगी जिसके बाद शराब लदा स्कारपीयो लेकर तस्कर भागने लगे वहीं पीछा कर रही पुलिस टीम को तस्करों ने चकमा देकर पहाड़पुर



कब्रिस्तान के समीप शराब लदा स्कारपीयो छोड़कर तस्कर भाग निकले।पुलिस ने स्कॉर्पियो वाहन को जप्त कर लिया और तलाशी लेने के कर्म में पुलिस ने स्कॉर्पियो से कुल 24 कार्टून में बंद 216 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है।। वहीं सिमरी बख्तियारपुर डीएसपी मुकेश ठाकुर ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि बीते बुधवार की देर शाम सोनबरसा राज पुलिस के द्वारा सूचना मिली के शराब तस्कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब लेकर सोनबरसा की ओर से सिमरी बख्तियारपुर आ रहा है इसके बाद शराब तस्कर को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीम को भेजा गया था जब तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन को पुलिस के द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो जान मारने की नियत से पुलिस पदाधिकारी के उपर चलती गाडी चढ़ाने का प्रयास करने लगे।जब पुलिस के द्वारा उनका पीछा किया गया तो उन पर तस्करों के द्वारा फायरिंग करने लगे।

# संपार सं 17 सी एवं 16सी के मध्य अतिक्रमित भूमि पर चला रेल प्रशासन का बूलडोजड़ ,157 जुग्गी झोपड़ी को जेसीबी के मदद से ध्वस्त कर दिया गया

लोकतंत्र की आवाज

**सिमरी बख्तियारपुर/ सहरसा ।** पूर्व मध्य रेलवे के सहरसा मानसी रेलखंड के बीच सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन के अतिक्रमित सर्कुलेटिंग एरिया में गुरुवार को रेल प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया। यह अतिक्रमण समपार संख्या 17 सी एवं 16 सी के मध्य अतिक्रमित भूमि पर चलाया गया।

इस अभियान के दौरान लगभग 55 सौ वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। साथ ही 157 झुग्गी झोपड़ी को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को रेलवे ने अनुमंडल प्रशासन के सहयोग से रेलवे की जमीन से अवैध कब्जे को हटाने के लिए



अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया। सुबह से ही रेल पुलिस एवं स्थानीय पुलिस बल अधिकारियों के साथ सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन परिसर में जुटने लगे थे। स्टेशन चौक के पास से अतिक्रमण हटाने की शुरुआत हुई। एक बुलडोजर की मदद से रेलवे की जमीन पर स्थित अतिक्रमित दुकानों को हटाया जाने लगा। अतिक्रमण हटाए जाने के दौरान कई बार झुग्गी में रह रहे महिला, पुरुष एवं पुलिस बलों के बीच तीखी नोकझोंक एवं झड़प होती रही। भीड़ को तीतर बितर करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग तक करना पड़ा। रेल के द्वारा चलाए गए अभियान के तहत दर्जनों महादलित परिवार की वर्षों से बसी बस्ती उजड़ गई है। इस ठंड के मौसम में बेघर हो चुके इस महादलित परिवार के सामने छोटे-छोटे बाल बच्चों के साथ फिलहाल सर छुपाने की समस्या बन गई है।


यह परिवार अपने उजड़े झोपड़ी के नीचे ही दैनिक उपयोग के सामान सहित बच्चे को लेकर बैठे हुए हैं। अब इसका आशियाना कहां होगा यह वक्त की बात बनकर रह गई है। इस ठंड एवं कुहासे भरी रात इन परिवारों की आफ़त की रात होगी। रात कैसे गुजरेगी यह कह पाना मुश्किल है। इस महादलित परिवार के पास अपना कोई जमीन भी नहीं है। जहां अपना बसेरा बना सके। अतिक्रमण हटाने में रेलवे की तरफ से एईएन मिलिंद शुक्ला, आईओडब्ल्यू विनय कुमार, आईओडब्ल्यू स्नेह रंजन, एसएसई रेलपथ सुनील कुमार, आरपीएफ इंस्पेक्टर वंदना कुमारी एवं स्थानीय प्रशासन की तरफ से प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी अंचलाधिकारी शुभम वर्मा, आरओ खुशबू कुमारी, दारोगा प्रीति कुमारी, पंकज कुमार गुप्ता, नरेंद्र सिंह सदल बल थे।

# बिहार बंद: प्रतियोगिता परीक्षाओं में पेपर लीक और अनियमितता के खिलाफ 12 जनवरी को छात्र-युवाओं का प्रदर्शन

लोक तंत्र कीआवाज

**पटना।** बिहार में 12 जनवरी 2025 को होने वाला बिहार बंद अब एक बड़े जन आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। प्रतियोगिता परीक्षाओं में पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं के खिलाफ यह बंद छात्र-युवाओं की आवाज बन गया है। बिहार में लाखों छात्र-युवा अब इस बंद के माध्यम से एकजुट हो रहे हैं ताकि राज्य सरकार पर दबाव डाला जा सके और प्रतियोगिता परीक्षाओं को निष्पक्ष, पारदर्शी और सही तरीके से आयोजित किया जा सके।

बिहार बंद के आयोजक ₹छात्र-युवाशक्ति बिहार₹ के सदस्य और पूर्व सांसद पप्पू यादव ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी भी राजनीतिक एजेंडे से परे है। उन्होंने कहा, ₹यह कोई




राजनीतिक आंदोलन नहीं है। यह आपके और आपके बच्चों के भविष्य का सवाल है। लाखों परिवार अपनी मेहनत की कमाई, अपनी ज़मीन और गहनों को बेचकर अपने बच्चों को पढ़ाते हैं ताकि वे एक सम्मानजनक नौकरी पा सकें, लेकिन सत्ता में बैठे लोग उनकी मेहनत का मोल नहीं समझते। वे खुद नौकरियों को बेचने में कोई संकोच नहीं करते। इसीलिए बिहार को बचाने के लिए यह बंद जरूरी है। पप्पू यादव ने जनता से अपील करते हुए कहा, ₹हम सभी को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि राज्य की परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता हो और किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी या अनियमितता का शिकार हमारे बच्चे न हों।₹ उन्होंने यह भी जोड़ा, ₹12 जनवरी को हम सभी एकजुट होकर सरकार से यह सवाल करेंगे कि क्या उनका कर्तव्य नहीं है कि वे बिहार के युवाओं का भविष्य सुरक्षित रखें?

इस बंद का उद्देश्य 70वीं बीपीएससी पुनर्परीक्षा, बहाली और अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं में पेपर लीक की उच्चस्तरीय जांच की मांग करना है। आयोजकों का कहना है कि जब तक परीक्षा प्रणाली में सुधार नहीं होगा, तब तक बिहार का युवा वर्ग अपनी मेहनत के साथ विश्वासघात महसूस करता रहेगा। छात्र-युवाशक्ति बिहार ने इस बंद को लेकर राज्यभर में जागरूकता अभियान भी चलाया है।

बिहार बंद के समर्थन में कांग्रेस नेता, छात्र संगठन और विभिन्न समाजिक कार्यकर्ता भी खुलकर सामने आए हैं, और यह आंदोलन अब राज्य में एक व्यापक जनांदोलन का रूप ले चुका है। यह देखना अब बाकी है कि बिहार सरकार इस मुद्दे पर किस तरह की कार्रवाई करती है, और क्या 12 जनवरी को आयोजित होने वाला यह बंद राज्य सरकार के लिए कोई ठोस संदेश भेजेगा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बगोदर विधायक जिला परिषद की सामान्य बैठक में उपस्थित हुए



लोकतंत्र की आवाज
अनिल कुमार (संवाददाता)

प्रखंड– बिरनी,गिरिडीह। जिला परिषद गिरिडीह सभागार में बुधवार को जिला परिषद की सामान्य बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बगोदर विधायक नागेंद्र महतो शामिल हुए।इस बैठक में बगोदर विधायक ने विभिन्न मुद्दों चर्चा किए। बैठक के दौरान सरकारी योजनाओं को घर–घर पहुंचाने व आम लोगों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ दिलाने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान बगोदर विधायक ने केंद्र की महत्वाकांक्षी योजनाओं में एक नल जल योजना में हुई हुई गड़बड़ी को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए साथ ही जल नल योजना कार्य की तीनों प्रखंडों की सूची जल्द से जल्द उपलब्ध कराने का निर्देश दिए। तथा अपने क्षेत्र में स्वास्थ्य,शिक्षा संबंधी समस्याओं को लेकर चर्चा कर पदाधिकारीयों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस बैठक में विधायक मंजू कुमारी, जिप अध्यक्ष मुनिया देवी,डीडीसी गिरिडीह सहित जिप सदस्यगण मौजूद रहें।

### विधिक जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

कुंदा (चतरा)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के जिला सचिव के निर्देशानुसार 90दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम के तहत प्रखंड के ग्राम सरजामातु में(अधिकार मित्र) मुन्ना दास व संजय कुमार चौधरी एवं अजित कुमार के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को "नालसा" स्कीम के तहत असंगठित क्षेत्र में श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं,मध्यस्ता,लोक अदालत,सरकारी योजनाओं की जानकारी साथ ही"नालसा"हेल्पलाइन नंबर 15100के बारे में भी जानकारी दिया गया।वही ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से वंचित व्यक्ति को आवेदन के लिए प्रेरित किया गया।

### गरीबों के बीच बिष्णुगढ़ प्रखंड प्रशासक ने बांटे कंबल



लोकतंत्र की आवाज
घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

हजारीबाग (झारखंड) इस बढ़ते ठंड को ध्यान में रखते हुए विष्णुगढ़ प्रखंड प्रशासक की ओर से चेडरा पंचायत के बिरहोर बस्ती चलंगा में जाकर वृद्धि एवं गरीब व्यक्तियों के बीच कंबल का वितरण किया गया जिसमें प्रमुख रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार सिओ नित्यानंद दास पंचायत के मुखिया निर्मल कुमार पंचायत समिति सदस्य मुन्नी देवी ने अपने हाथों से कमल का वितरण किया कमल पाकर वृद्ध जनों ने प्रशासक एवं पंचायत जनप्रतिनिधियों को हार्दिक दिल से धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

### उपायुक्त ने खेल एवं पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक की



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख

साहेबगंज ।जिला दंडाधिकारी– सह– उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में खेल विभाग के समीक्षा बैठक की। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने साहेबगंज एवं राजमहल में बनाए जा रहे खेल बैंक का निर्माण एवं समाग्रियों की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा–निर्देश दिए । वही निर्माणधीन इनडोर स्टेडियम साहेबगंज में जीम हेतु समाग्रियों का निविदा जल्द पूर्ण करने को कहा गया साथ ही जिला में ओपेन जिम को चिन्हित स्थान में लगवाने के लिए निर्देशित किया गया। सिद्धो कान्हो स्टेडियम में हाई मास्क लाईट हेतु नगर परिषद को निर्देशित किया गया। उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए राजमहल इनडोर स्टेडियम को स्थानीय स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर रखने का प्रस्ताव समर्पित करने को कहा । उन्होंने पर्यटन विभाग की समीक्षा कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी पंकज झा एवं अन्य उपस्थित थे।

# पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या पर हंटरगंज में शोकसभा सह कैंडल मार्च का आयोजन





- हत्यारे को जिस दिन फांसी की सजा मिलेगी उसी दिन होगी सच्ची श्रद्धांजली : सुनील कश्यप
- सरकार को पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग को लेकर सौपेंगे ज्ञापन : प्रमोद दुबे

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**हंटरगंज(चतरा)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पत्रकार मुकेश चंन्द्राकर के निर्मम हत्या के विरोध में गुरुवार को हंटरगंज पत्रकार संघ के द्वारा से शोकसभा व कैडल मार्च निकाला गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चतरा प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनिल कश्यप,धर्मेन्द्र पाठक , संरक्षक कमलापति पांडे,मो रिजवान व गणमान्य जनप्रतिनिधी और समाजसेवी हुए शामिल। इस दौरान यह कैडल मार्च हंटरगंज थाना गेट के समीप से शुरू किया गया तथा किसान भवन परिसर में शहीद पत्रकार को श्रृद्धाजंलि देते हुए उनके आत्मा की शांति के लिए सभी उपस्थित पत्रकारो और जनप्रतिनिधियों के द्वारा दो मिनट का मौन रखा गया है ।

उपस्थित लोगो ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा की इन दिनो सच को दिखाने पर पत्रकारो को धौस–धमकी और हत्या कर दिया जाता है। छत्तीसगढ़ के पत्रकार मुकेश चंन्द्राकर को खबर प्रकाशित कर सच्चाई दिखाने पर असमाजिक तत्वों के द्वारा निर्मम हत्या कर दिया गया। ऐसे निर्मम हत्या करने वाले दोषियो की बर्बरता के आगे फांसी की सजा भी कम है ऐसे असामाजिक तत्वों के साथ भी बर्बरता के साथ पेश आने की जरूरत है ताकी भविष्य मे ऐसी घटनाओ पर अंकुस लगे। इस बाबत प्रेस क्लब अध्यक्ष सुनील कश्यप ने सरकार से इस घटना को संज्ञान में लेकर पत्रकार हित में कानून बनाने तथा उनके परिवार को सुरक्षा मुहैया कराये तथा उनके जीवन बीमा भी करे,

ताकी पत्रकार अपनी आवाज को बुलंद कर आम जनमानस के सामने रख सके। वही मुकेश चंद्राकर के परिजनों को एक करोड़ रुपये मुआवजा सहित एक परिजन को नौकरी देने की बात कही। कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद दुबे ने कहा कि पत्रकार समाज के दर्पण का कार्य करते हैं उनकी सुरक्षा समाज के साथ साथ सरकार की जिम्मेवारी है पत्रकार सुरक्षा लेकर मेरे द्वारा सरकार को ज्ञापन सौंपा जाएगा।वहीं शिक्षक रवि कुमार ने कहा कि पत्रकार जो 24 घण्टे ड्यूटी करते हैं पानी पड़े या पत्थर वे अपने लिए कम और समाज के लिए ज्यादा चिंता करते हैं सरकार इनके लिए बीमा का व्यस्था और पेंशन की व्यस्था करें।मौके पर प्रेस कल्ब अध्यक्ष सुनील अध्यक्ष कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद दुबे, कमलेश यादव, मुखिया अशोक यादव, जिला परिषद प्रतिनिधि बेचन पासवान, पैक्स अध्यक्ष कौशल सिंह, चतरा प्रेस क्लब जिला अध्यक्ष सुनील कश्यप, धर्मेंद्र पाठक, कमला पति मिश्र, मो० रिजवान अहमद, अभिमन्यु सिंह, फहीम अहमद,सिकंदर कुमार, विकास कुमार यादव, कुमार विवेक रंजन, सरयू यादव कासिफ इकबाल, निशांत तिवारी, रोहित अलबेला,संदीप गुप्ता, सुहैल अहमद, नीतेश कुमार, सहित सैकड़ों समाजिक लोग शामिल हुए।

## लकड़ी लदी ट्रैक्टर जप्त जांच की प्रक्रिया जारी



**लोकतंत्र की आवाज**

**साहिबगंज।** मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के रेलवे फाटक के समीप एनएच सड़क के किनारे लगीं शीशम की पेड़ की कटाई कर एक जान डियर ट्रेक्टर पर लदी करीब 24 बोटा शीशम की लकड़ी को ले जाया जा रहा था।

संदेह के आधार पर मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रुपेश कुमार एवं एसआई महेंद्र सिंह ने लकड़ी लोड ट्रेक्टर को थाना लाया गया । पुछताछ के दौरान चालक ने बताया कि एनएच 80 सड़क चौड़ीकरण कार्य को लेकर सड़क के दोनों साइड में लगे पेड़ को विभाग के द्वारा काटा जा रहा है और लकड़ी को वन विभाग के डिपो में ले जाया जा रहा है । थाना प्रभारी ने बताया कि बिहार वन विभाग से कागजात की मांग किया गया है जांच के बाद ही अस्पष्ट हो गया। समाचार लिखें जाने तक कागज की जांच की कार्रवाई की प्रक्रिया जारी थी।

## गिरिडीह उपायुक्त के नेतृत्व में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया

**लोकतंत्र की आवाज**



- राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा के नेतृत्व में मुफस्सिल थाना के समीप जागरूकता अभियान चलाया गया.

**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**

**गिरिडीह ,झारखंड।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर गिरिडीह जिले में व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज उपायुक्त, श्री नमन प्रियेश लकड़ा के नेतृत्व में मुफस्सिल थाना के समीप जन जागरूकता अभियान चलाया गया। जहां आने जाने वाले लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। मौके पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डीएसपी सदर, मुफस्सिल थाना प्रभारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

इस दौरान उपायुक्त, श्री नमन प्रियेश लकड़ा ने मीडिया बंधुओ को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान का उद्देश्य लोगों के बीच सड़क सुरक्षा और यातायात संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध करानी है, जिससे जिले में हो रही दुर्घटना में कमी लाई जा सकें। इसके अलावा उन्होंने बताया कि बगैर हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वाले बाइक चालकों को रोककर सबसे पहले उन्हें यातायात नियमों के पालन करने की अपील की गई, इसके पश्चात ऐसे लोग जो बिना हेलमेट के सफर कर रहे थे, उनके बीच हेलमेट का वितरण करते हुए हेलमेट पहन कर ही वाहन चलाने का निर्देश दिया गया। साथ ही यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले लोगों को गुलाब का फूल और फूलों की माला पहनाकर और सड़क सुरक्षा नियमों के पंपलेट का वितरण कर एक बेहतर नागरिक बनने की अपील की गई। वहीं उपायुक्त ने बताया कि कोई भी व्यक्ति अगर अपने घर से बाहर निकलता है तो सुरक्षित घर वापस आने की चिंता उनके परिवार के सदस्यों के बीच बनी रहती है, ऐसे में सभी सुरक्षित रहे इसका भी ध्यान रखने की आवश्यकता है। जिला प्रशासन के द्वारा घायलों की मदद करने वाले लोगों को पांच हजार रुपये नगद और गुड सेमेरिटन सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाता है, पूर्व में कई लोगों को सम्मानित किया गया है। इसलिए आम लोगों से अपील है कि वे वाहन चलाने के दौरान खुद का और अन्य लोगों के भी सेहत का ध्यान रखे।

## अभियान: आठ एकड़ में लगे पोस्ता खेती को पुलिस व वन विभाग ने किया नष्ट

- पोस्ता खेती विनिष्टीकरण की कार्रवाई से तस्करों में मचा हड़कंप
- पोस्ता खेती करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा:थाना प्रभारी

**लोकतंत्र की आवाज**



**कुन्दा(चतरा)।** थाना क्षेत्र के खुशियाला जंगल में लगभग आठ एकड़ में अवैध रूप से लगा पोस्ता खेती को ट्रैक्टर की सहायता से विनष्टीकरण किया गया।विनष्टीकरण अभियान थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाई गई।वही थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी परिस्थिति में पोस्ता की खेती नहीं होने दी जाएगी उन्होंने कहा है कि लोग खुद से पोस्ता फसल को नष्ट कर दें अन्यथा पुलिस एनडीपीएस एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि खेती में संलिप्त लोगों को चिन्हित किया जा रहा है जल्द चिन्हित कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।वही उन्होंने कहा की आगे भी लगातार वनिष्टीकरण अभियान की कार्रवाई जारी रहेगी।वनिष्टीकरण अभियान में जिला बल व वन विभाग के कर्मी शामिल थे।

## वन विभाग और पुलिस की बड़ी करवाई 5 एकड़ भूमि पर लगी पोस्ता की फसल नष्ट

**लोकतंत्र की आवाज**

### लगातार करवाई से नशे कारोबारियों की टूटी कमर



**श्री राम पाण्डेय , ब्यूरो चीफ**

**चतरा।** हंटरगंज वशिष्ठ नगर जोरी पुलिस व वन विभाग ने संयुक्त अभियान चलाकर बुधवार करीब 4 बजे थाना क्षेत्र के सरदम गांव के वन भूमि में करीब तीन एकड़ एवं सजनी बंदरचुआ गैर वन भूमि पर दो एकड़ में लगे पोस्ते की खेती को नष्ट किया। लगातार अभियान के दौरान पोस्ता की खेती नष्ट से नशे कारोबारियों की कमर टूट रही है।

वन विभाग पदाधिकारी सुरभूषण कुमार के निर्देश पर वशिष्ठ नगर जोरी पुलिस वन ने संयुक्त अभियान चलाकर लगभग पांच एकड़ भूमि मे लगे पोस्ते की खेती को रौंद कर नष्ट किया। थानेदार ने स्थानीय जनता से अपील की है कि वे इस प्रकार की अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। यह कदम समाज में मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों को रोकने और युवाओं को सुरक्षित भविष्य प्रदान करने के उद्देश्य से उठाया गया है। अभियान मे वन कर्मी विवेक कुमार, कपीलदेव कुमार मेहता, राजीव रंजन, रितेश बाखला , समेत पुलिस के जवान शामिल थे।

## गिरिडीह शहर के टावर चौक पर भाजपा नगर कमेटी की ओर से सदस्यता अभियान को लेकर कैंप लगा

**लोकतंत्र की आवाज**



**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**

**गिरिडीह, झारखंड।** गिरिडीह शहर के टावर चौक पर भारतीय जनता पार्टी नगर कमेटी की ओर से संगठन महापर्व के निमित्त सदस्यता अभियान को लेकर कैंप लगाया गया इस अभियान की शुरुआत नगर अध्यक्ष श्री हरविंदर सिंह बग्गा जी ने की।

इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रवासी प्रभारी प्रदेश के उपाध्यक्ष आदरणीय विकास प्रीतम जी एवं गिरिडीह के निवर्तमान महापौर श्री सुनील पासवान के साथ जिला अध्यक्ष श्री महादेव दुबे जी जिले के महामंत्री श्री संदीप डेंगेच जी नगर के महामंत्री सिंकु सिन्हा, अरुण गुप्ता ज्योति शर्मा आदित्य कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। सदस्यता अभियान में श्री विकास प्रीतम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को रेफरल लिंक के द्वारा 50 सदस्य बनाने अनिवार्य हैं 50 सदस्य बनने के उपरांत ही उन्हें सक्रिय सदस्य बनाया जाएगा और सक्रिय सदस्य बनने वाले व्यक्ति ही या तो बूथ अध्यक्ष या मंडल के पदाधिकारी या जिले के पदाधिकारी बनने के योग्य होंगे इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता की जवाब देही है कि प्रत्येक बूथ पर तीन–तीन व्यक्ति को सक्रिय सदस्य अवश्य से बनावे।

## एसपी कोचिंग सेंटर द्वारा बच्चों को करवाया गया शैक्षणिक भ्रमण

**लोकतंत्र की आवाज**



- शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों को वास्तविक दुनिया का अनुभव मिलता है : संजय कुमार

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

**हजारीबाग (झारखंड)** । विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत चानो पंचायत स्थित एसपी कोचिंग सेंटर द्वारा नए वर्ष में 6 जनवरी से 8 जनवरी तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कोलकाता के सुप्रसिद्ध स्थानों का भ्रमण करवाया गया। जिसमें वर्ग 9 वीं एवं 10 वीं कक्षा तक के कुल 70 से अधिक विद्यार्थियों एवं अभिभावको के अलावे एस.पी कोचिंग के निर्देशक,शिक्षक– शिक्षिकाएं शामिल हुए। साथ ही शैक्षणिक भ्रमण के दौरान कोलकाता के सुप्रसिद्ध बाबू घाट, काली घाट,विक्टोरिया मेमोरियल,जूलोजिकल पार्क, हावड़ा ब्रिज एवं अन्य ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों, कलाओं एवं प्राचीन काल के मूर्तियों भ्रमण के दौरान जानकारी लिए ।

कोचिंग संस्थान निर्देशक संजय कुमार ने कहा कि छात्र–छात्राओं को प्रत्येक वर्ष नए साल में सुरक्षापूर्वक नियमित शैक्षिक भ्रमण पर ले जाया जाता है। जहाँ पर छात्र खुले वातावरण में शिक्षा को अपने व्यक्तिगत अनुभवों से परिभाषित करते है। शैक्षिक भ्रमण के माध्यम से छात्रों में एक अनुभूति जागृत होती है। जिससे वे भारत की विभिन्नताओं जैसे इतिहास, विज्ञान, शिष्टाचार और प्रकृति को व्यक्तिगत रूप से जान सकते है। पुस्तकें सैद्धांतिक ज्ञान देती हैं जबकि शैक्षिक भ्रमण वास्तव में उस स्थान पर जाकर अभ्यास ज्ञान प्रदान करता है। साथ ही सभी छात्र– छात्राएं एक साथ समूह में रहकर शैक्षणिक भ्रमण का काफी आनंद उठाएं। पिनेकल इग्नाइटेड माइंड्स स्कूल के डायरेक्टर कौलेश्वर महतो ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण छात्रों के सीखने के अनुभवों को महत्वपूर्ण रूप से समृद्ध करता है। यह शैक्षणिक विषयों की उनकी समझ को बढ़ाता है, आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देता है, और सामाजिक और भावनात्मक विकास को बढ़ावा देता है।इसके अलावा, स्कूल टूर छात्रों को शिक्षकों और सहपाठियों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने का भी मौका देता है। इस दौरान भारतीय युवा संसद सुरेश कुमार,शिक्षिका काजल कुमारी, पवन कुमार, अजय कुमार, टेकोचंद महतो, शेखर कुमार, अजय कुमार समेत कई विद्यार्थी भ्रमण किए।

